भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक और भारत में निवास कर रहे विदेशी भावी दत्तक माता-पिता के मामले में, रिश्तेदारी दत्तकग्रहण के प्रयोजन के लिए, गृह अध्ययन रिपोर्ट पूरी होने के बाद ही, संबंधित प्राधिकारी अर्थात् प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण (एएफएए) या केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) या सरकारी विभाग या भारतीय मिशन (भारतीय नागरिकों के मामले में) द्वारा रजिस्ट्रीकरण कराया जाएगा।	**3. अंतर-देशीय रिश्तेदारी दत्तकग्रहण** रजिस्ट्रीकरण के समय, अंतर-देशीय दत्तकग्रहण के मामलों में निम्नलिखित के साथ यथा उपलिखित सभी अपेक्षित दस्तावेज [(1)-(19)] अभिहित पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। (1) दत्तकग्रहण किए जाने वाले बालक या बालकों का नवीनतम फोटो। (2) दत्तक माता-पिता और जैविक माता-पिता के साथ बालक का नवीनतम परिवारिक फोटो। (3) दत्तकग्रहण किए जाने वाले अधिक आयु के बालक की सहमति। (4) जैविक परिवार के अधिक आयु के बालक अथवा बालकों की सहमति। (5) अधिनियम की धारा 2(52) के अनुसार, संबंधित बालक (वंश-वृक्ष) के साथ भावी दत्तक माता-पिता का नाता। रजिस्ट्रीकरण के आगे के चरण में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज (1) हेग दत्तकग्रहण अभिसमय के अनुच्छेद 5 या 17 के अनुसार प्राप्तकर्ता देश की अनुमति (हेग अभिसमय में अभिपुष्टि करने वाले देश के मामले में लागू)। (2) अनुसूची 19 में यथा उपबंधित जैविक परिवार की सहमति। (3) बाल कल्याण समिति से अनुसूची 22 में यथा उपबंधित रिश्तेदारी में दत्तक बालक का अभ्यर्पण करने के लिए विधिक संरक्षक के लिए अनुमति (यदि लागू हो)। (4) जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा अनुसूची 21 में यथा उपबंधित संबंधित राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण द्वारा अनुशंसित परिवार की पृष्ठभूमि रिपोर्ट।
देश के भीतर रिश्तेदारी दत्तकग्रहण के मामले में, भावी दत्तक माता-पिता ऐसे दत्तकग्रहण के लिए अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण करेंगे और प्रासंगिक दस्तावेजों को अभिहित पोर्टल पर अपलोड करने के लिए जिला बाल संरक्षक इकाई (डीसीपीयू) को सौंपेंगे।	**4. देश के भीतर रिश्तेदारी दत्तकग्रहण** रजिस्ट्रीकरण **के समय, देश में दत्तक ग्रहण** [(1)-(9)] **के मामलों में ऊपर बताए गए अनुसार** अभिहित **पोर्टल पर सभी अपेक्षित दस्तावेज अपलोड किए जाने हैं।** (1) दत्तकग्रहण किए जाने वाले बालक या बालकों का नवीनतम फोटो। (2) दत्तकग्रहण किए जाने वाले अधिक आयु के बालक की सहमति। (3) जैविक परिवार के अधिक आयु के बालक अथवा बालकों की सहमति। (4) जैविक माता-पिता की सहमति (दत्तकग्रहण विनियमों की **अनुसूची 19** में यथा उपबंधित) (5) बाल कल्याण समिति से **अनुसूची 22** में यथा उपबंधित रिश्तेदारी में दत्तक बालक का अभ्यर्पण करने के लिए विधिक संरक्षक के लिए अनुमति (यदि लागू हो)। (6) भावी दत्तक माता-पिता द्वारा उनकी रिश्तेदारी, वित्तीय और सामाजिक प्रास्थिति के समर्थन में दत्तकग्रहण विनियमों की **अनुसूची 24** में यथा उपबंधित शपपथपत्र।

	(7) अधिनियम की धारा 2(52) के अनुसार, रिश्तेदार बालक के साथ भावी दत्तक माता-पिता का नाता (वंश वृक्ष)
सौतेले माता-पिता द्वारा बालक अथवा बालकों के दत्तकग्रहण के मामले में, जैविक माता-पिता और सौतेले माता-पिता को अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण करना होगा और अभिहित पोर्टल के माध्यम से अपलोड करके संगत दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे।	**5. सौतेले माता-पिता द्वारा बालक अथवा बालकों का दत्तकग्रहण** रजिस्ट्रीकरण के समय, सौतेले माता-पिता द्वारा दत्तकग्रहण के मामलों में निम्नलिखित के साथ यथा उपरिलिखित सभी अपेक्षित दस्तावेज [(1)-(9)] अभिहित पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। (1) दत्तकग्रहण किए जाने वाले बालक या बालकों का नवीनतम फोटो। (2) दत्तकग्रहण किए जाने वाले अधिक आयु के बालक की सहमति। (3) दोनों माता-पिता (जैविक और सौतेले माता-पिता) के विधिक रूप से विवाहित होने का प्रमाण (4) दत्तकग्रहण विनियमनों की अनुसूची 20 में उल्लिखित अन्य दस्तावेजों के साथ-साथ इसमें यथा उपबंधित जैविक माता-पिता, बालक अथवा बालकों का दत्तकग्रहण करने वाले पति या पत्नी की सहमति।

*****

अनुसूची 7

[विनियम 2(14), 10(8) और 21(2) देखें]

निवासी भारतीय नागरिक अथवा भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक या भारत में निवास कर रहे विदेशी भावी माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट

श्री –

श्रीमती –

भावी दत्तक माता-पिता की प्रास्थिति – एकल-विवाहिता अथवा विवाहित अथवा विच्छिन्न विवाह व्यक्ति अथवा पृथक हो चुके पति या पत्नी अथवा विधवा या विधुर अथवा कोई अन्य।

सभी भावी दत्तक माता-पिता को अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण करना होगा और प्राधिकृत संस्था से दत्त्कग्रहण करना होगा।

अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या	
रजिस्ट्रीकरण की तारीख	
पैन कार्ड नं. (पुरुष आवेदक) पैन कार्ड नं. (स्त्री आवेदक)	
आधार कार्ड नं. (पुरुष आवेदक) आधार कार्ड नं. (स्त्री आवेदक)	
पासपोर्ट नं,, यदि लागू हो (विदेशी अथवा ओसीआई भावी दत्तक माता-पिता के मामले में अनिवार्य)	

सामाजिक कार्यकर्ता का नाम	
विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम	
विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा जिला बालक संरक्षण इकाई का पता	
ई-मेल	
गृह के दौरे की तारीख	

रिपोर्ट का **भाग-1** भावी दत्तक माता-पिता द्वारा भरा जाएगा। गृह अध्ययन रिपोर्ट दत्तकग्रहण करने के लिए भावी दत्तक माता-पिता के मजबूत प्रस्ताव को बनाने में सहायता करता है, तथा इसलिए, भावी दत्तक माता-पिता से उनकी सर्वोत्तम जानकारी में सभी सूचना उपलब्ध कराने की आशा की जाती है। टैम्पलेट में उपलब्ध कराई गई सूचना की प्रामाणिकता के लिए केवल भावी दत्तक माता-पिता जिम्मेदार होते हैं तथा उनसे भाग-। के प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे हस्ताक्षर करना अपेक्षित होता है। भावी दत्तक माता-पिता द्वारा भाग-1 भरने में सामना की जाने वाली किसी कठिनाई को गृह दौरे के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता के साथ साझा किया जा सकता है।

टैम्पलेट का **भाग-2** विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा जिला बालक संरक्षण इकाई अथवा राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण में संलग्न व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भरा जाना होता है। गृह अध्ययन रिपोर्ट दत्तकग्रहण के लिए भावी दत्तक माता-पिता की उपयुक्तता का आकलन करने में मदद करती है। गृह अध्ययन के दौरान, सामाजिक कार्यकर्ता भावी दत्तक माता-पिता (माताओं-पिताओं) के वित्तीय, रोजगार, स्वास्थ्य, जीवनशैली, गृह और आस-पास के माहौल; उनकी पैतृक शैली तथा दत्तकग्रहण के प्रति उनके रवय्ये (रवय्यों), दत्तकग्रहण की प्रेरणा; दत्तकग्रहण की प्रतिबद्धता और दत्तकग्रहण करने के लिए समग्र तैयारी सह परिपक्वता का मूल्यांकन करता है।

गृह अध्ययन रिपोर्ट का प्रत्येक पृष्ठ संबंधित सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापित किया जाएगा।

भाग-1

भावी दत्तक माता-पिता द्वारा भरा (मुद्रित) जाए

क. दत्तकग्रहण की जानकारी

(यह भाग भावी दत्तक माता अथवा पिता द्वारा भरा जा सकता है)

1) बालक के दत्तकग्रहण के पीछे आपकी अभिप्रेरणा क्या है?
2) क्या आप किसी बड़े बच्चे, जो निराकरणीय चिकित्सा स्थिति में है अथवा विशेष आवश्यकता वाले बालक की सहायता करने में समर्थ होगे? हां/ नहीं
3) क्या आप किसी दत्तकग्राही परिवार अथवा वे बालक जिन्हें दत्तकग्रहण किया हो, से मिले हैं - यदि हां, तो आपका अनुभव और प्रतिक्रिया कैसी रही?
4) क्या कोई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें उस बालक जिसे आप दत्तकग्रहण करना चाहते हैं की सहायता करने में आपको परामर्श देने अथवा व्यावसायिक मदद की जरूरत हो? – कृपया ब्यौरा दें।
5) कृपया वर्णन करें कि दत्तकग्रहण आपके साथ रह रहे अन्य सदस्यों पर कैसे प्रभाव डालेगा और बालक को कैसे सहायता करेगा।

ख. परिवार की पृष्ठभूमि की जानकारी:

विवरण	पुरुष आवेदक	स्त्री आवेदक
पूरा नाम (परिवारिक नाम रेखांकित करें)		
जन्म की तारीख		
जन्म स्थान		
नागरिकता*		
पता		
ई-मेल आईडी		
संपर्क नंबर और मोबाइल नंबर		
धर्म		
घर पर बोले जाने वाली भाषा(एं)		
विवाह की तारीख		
पूर्ववर्ती विवाह की तारीख (यदि कोई हो)		
विवाह-विच्छेद की तारीख (यदि कोई हो)		
शैक्षिक अर्हता		
रोजगार या उपजीविका		
वर्तमान नियोक्ता अथवा कारोबारी प्रतिष्ठान का नाम और पता		
वार्षिक आय		
स्वास्थ्य की प्रास्थिति		

* विदेशी नागरिकता के मामले में, पासपोर्ट के ब्यौरों का उल्लेख करना और इसकी प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। ऐसे मामलों में, भारत में उनके राजनयिक मिशन से अनापत्ति प्रमाणपत्र भी अपेक्षित होगा।

भावी दत्तक माता पिता का फोटो

(1) अपने माता-पिता के बारे में निम्नलिखित जानकारी दें

आवेदकों के माता-पिता का ब्यौरा	पुरुष आवेदक		स्त्री आवेदक	
	पिता	माता	पिता	माता
पूरा नाम				
आयु				
राष्ट्रीयता/नागरिकता				
उपजीविका				
पूर्ववर्ती उपजीविका				
वर्तमान में भावी दत्तक माता-पिता के साथ रह रहे हैं (हाँ / नहीं में बताएं)				

(2) कृपया इस सारणी में अपने प्रत्येक बालक (दत्तक और जैविक) का ब्यौरा भरें।

बालक का नाम	जैविक या दत्तक	लिंग	जन्म की तारीख	शैक्षिक प्रास्थिति

(3) कृपया परिवार में रह रहे अन्य सदस्य(यों) की आयु, लिंग, उपजीविका और रिश्तेदारी के स्वरूप का ब्यौरा दे।

नाम	रिश्तेदारी की प्रकृति	आयु	लिंग	शिक्षा	उपजीविका

(4) कृपया गृह में रह रहे किन्ही अन्य गैर- रिश्तेदार वयस्कों/ बालकों (अर्थात् गृह सहायक, स्टाफ, बाह्य कार्मिक आदि) का ब्यौरा उपलब्ध कराएं:

ग. उपजीविका/नियोजन संबंधी ब्यौरा (पिछले 5 वर्षों के वृत्तिक कैरियर का ब्यौरा): कृपया आगे दी गई सारणी में अपने वृत्तिक कैरियर का ब्यौरा भरें।

पुरुष आवेदक			
संगठन	नियोक्ता का ब्यौरा (नाम और पता)	कार्य उपाधि	से तक

स्त्री आवेदक			
संगठन	नियोक्ता का ब्यौरा (नाम और पता)	कार्य उपाधि	से तक

घ. वित्तीय प्रास्थिति: (सभी स्रोतों से अपनी आय, बचतों, निवेशों, व्यय, ऋण और देनदारियों का संक्षिप्त वर्णन दें)
कृपया अपने अद्यतन कर बीजकों, बैंक विवरणों इत्यादि और कर-योग्य आय का ब्यौरा दें।
क्या आप पर कोई ऋण बकाया है, आपने कुछ गिरवी आदि रखा हुआ है।

1) यदि हाँ, तो कृपया अपने कथन के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करें;
2) नहीं

ड. वर्तमान वैवाहिक संबंध और वैवाहिक संबंध की गुणवत्ता (यदि लागू हो): (विवाह, वैध पृथक्करण, यदि कोई पृथक्करण हुआ हो, ऐसे पृथक्करण के कारणों, वर्तमान वैवाहिक जीवन और विनिश्चय लेने की प्रक्रियाओं का ब्यौरा दें)

(1) कृपया अपनी वैवाहिक प्रास्थिति को विनिर्दिष्ट करें:
(2) कृपया यह वर्णन दें कि आप और आपके साथी किसी निर्णय तक पहुँचने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं।

च. दादा-दादी या नाना-नानी/विस्तृत परिवार के अन्य सदस्यों, अन्य रिश्तेदारों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों का वर्तमान दत्तकग्रहण के विषय में दृष्टिकोण: (बालक के प्राप्तकर्ता देश में पहुँचने पर उसके पालन-पोषण की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले अन्य महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों के दत्तकग्रहण के विषय में विचारों का संक्षिप्त विवरण दें।)

छ. दत्तक बालक और परिवार में उसके पालन-पोषण के विषय में भावी दत्तक माता-पिता की प्रत्याशित योजनाएं:

(1) कृपया यह वर्णन दें कि आप दत्तक बालक के पालन-पोषण और देखरेख तथा जीवन की अन्य प्रतिबद्धताओं जैसे कामकाज को कैसे संभालेंगे?
(2) जब आप कामकाज के लिए जाएंगे या घर से अनुपस्थित होंगे तब बालक की देखरेख की जिम्मेदारी कौन संभालेगा/संभालेगी (घरेलू नौकर/नौकरानी, दादा-दादी/नाना-नानी, पति/पत्नी)।
(3) कृपया आप बताएं कि यदि दत्तक बालक को परिवार में समायोजन में कठिनाइयाँ आईं तो परिवार में उसके समायोजन को आसान बनाने के लिए आपने क्या उपाय करने की योजना बनाई है?

ज. दत्तकग्रहण की तैयारी और प्रशिक्षण: (दत्तकग्रहण से पहले बालकों की देखरेख, बालकों की जरूरतों के प्रबंधन, विशेष आवश्यकताओं वाले बालकों (यदि कोई हों) के पालन-पोषण के संबंध में लिए गए परामर्श सत्रों अथवा प्रशिक्षण और/या अनुभव का ब्यौरा दें)

जो भी लागू हो उस पर (✓) चिह्न लगाएं-
(1) दत्तकग्रहण प्रक्रिया के बारे में समझ:
(2) संदर्भ सामग्रियों का पठन:

(3) मित्रों/सगे-संबंधियों से सीखना:

(4) दत्तकग्राही माता-पिता समूहों के साथ वार्तालाप:

(5) पेशेवरों से परामर्श के माध्यम से सीखना:

(6) दत्तकग्रहण पर वीडियो मॉड्यूल:

झ. भावी दत्तक माता-पिता (माताओं-पिताओं) के साथ कोई अनहोनी घटना हो जाने की दशा में बालक के लिए संभावित पुनर्वास योजना: (यदि आपके साथ कोई अल्पकालिक या दीर्घकालिक घटना हो जाए तो बालक की सुरक्षा की अपनी योजना का संक्षिप्त ब्यौरा दें।)

1) क्या आपको कामकाज के लिए यात्रा करनी पड़ती है?
2) आपकी अनुपस्थिति में बालक की देखरेख कौन करेगा/करेगी? कृपया उस व्यक्ति की आयु, लिंग, व्यवसाय और आपसे उसकी रिश्तेदारी का संक्षिप्त ब्यौरा दें।
3) यदि आपके साथ कोई अनहोनी घटना हो जाए तो क्या कोई ऐसा व्यक्ति है, जो बालक का विधिक संरक्षक बन सके? यदि हाँ तो उस व्यक्ति की आयु, लिंग, व्यवसाय और आपसे उसकी रिश्तेदारी का संक्षिप्त ब्यौरा दें:
4) यदि आप एकल भावी दत्तक माता या पिता हैं, तो उस निकटतम रिश्तेदार का संक्षिप्त विवरण दें जो बालक की सुरक्षा के लिए वचन देगा।

ञ. स्वास्थ्य की प्रास्थिति (भावात्मक और शारीरिक):

(1) क्या आप या आपके पति/पत्नी किसी रोग से पीड़ित हैं? यदि हाँ तो कृपया इसका ब्यौरा प्रस्तुत करें?

(2) क्या वर्तमान में आप या आपके पति/पत्नी का उपचार कोई मनोवैज्ञानिक या मनोचिकित्सक कर रहे हैं?

(3) क्या वर्तमान में आप कोई निर्धारित औषधि ले रहे हैं?

(4) क्या वर्तमान में आपके परिवार में किसी/किन्हीं बालक अथवा बालकों के किसी रोग का इलाज चल रहा है?

(5) क्या आपके परिवार के सभी सदस्यों के लिए स्वास्थ्य और अस्पताल में उपचार संबंधी बीमा सुरक्षा है?

ट. स्व-घोषणा

मै या हम प्रमाणित करता हूँ या करती हूँ या करते हैं कि हम शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और वित्तीयरूप से सक्षम हूँ या हैं और मुझे या हमें कोई जानलेवा चिकित्सीय स्थिति नहीं हैं और मुझे या हमें किसी भी प्रकार के आपराधिक कार्य में दोषसिद्ध या बाल अधिकारों के उल्लंघन के किसी भी मामले में आरोपित नहीं किया गया है।

भावी दत्तक माता-पिता का नाम

भावी दत्तक माता-पिता के हस्ताक्षर

तारीख

स्थान

भाग-2

(गृह अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भरा जाएगा)

जहाँ तक संभव हो सके, गृह अध्ययन रिपोर्ट अभिहित पोर्टल पर वैध दस्तावेज अपलोड करने की तारीख से दो मास में पूरी कर ली जानी चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता को पहले भावी दत्तक माता-पिता से तैयारी संबंधी प्रश्न पूछकर उन्हें सहज महसूस कराने का प्रयास करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता को सिर झुकाने और हिलाने जैसे मौन संकेत यह दर्शाने के लिए देने चाहिए कि भावी दत्तक माता-पिता ध्यानपूर्वक सुन रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता प्रत्येक प्रश्न के बाद भावी दत्तक माता-पिता को उत्तर देने के लिए पर्याप्त समय दे। भावी दत्तक माता-पिता के किसी भी उत्तर पर सामाजिक कार्यकर्ता की मौखिक प्रतिक्रिया निष्पक्ष और अनिर्णायक होनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता को प्रश्न पढ़ने और भावी दत्तक माता-पिता के उत्तर दर्ज करने के बीच के समय में सहानुभूति दर्शाने के लिए यथासंभव भावी दत्तक माता-पिता से आँखें मिलानी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता को तभी भावी दत्तक माता-पिता को बीच में रोकना चाहिए जब वे किसी प्रतिक्रिया को समझ नहीं पाते हैं।

(टैम्प्लेट में भरी गई जानकारी या तथ्यों को अभिकरणों या प्राधिकरणों द्वारा गोपनीय रखा जाना चाहिए।)

1. तथ्यात्मक निर्धारण:

(i) क्या आपने इस टैम्प्लेट के भाग-। में उल्लिखित तथ्यों का सत्यापन किया है?
हॉ/नहीं

(ii) क्या आप दस्तावेजों में उल्लिखित तथ्यों और साक्षात्कारों और दौरों के समय पाई गई वास्तविक स्थिति से संतुष्ट हैं?
हॉ/नहीं

2. मनोसामाजिक निर्धारण:

2.1 भावी दत्तक माता-पिता से बातचीत

(i) क्या आपने भावी दत्तक माता-पिता से अलग-अलग और/या एकसाथ बातचीत की है?

(ii) क्या भावी दत्तक माता-पिता दत्तक ग्रहण के लिए पूरी तरह तैयार हैं? अकेले भावी दत्तक माता या पिता के मामले में कृपया कौटुम्बिक सहायता व्यवस्था का उल्लेख करें।

(iii) क्या आपका यह मानना है कि भावी दत्तक माता-पिता ने पालन-पोषण के लिए अपनी वास्तविक भावनाएं व्यक्त की हैं?

(iv) क्या आप भावी दत्तक माता-पिता को उनकी तत्परता के लिए आगे के परामर्श के लिए अभिनिर्देशित करना चाहते हैं?

2.2 गृह दौरे से प्राप्त निष्कर्ष

(i) आपने भावी दत्तक माता-पिता के घर का दौरा कब किया? आपके दौरे के समय परिवार के कौन से सदस्य उपस्थित थे?

(ii) घर के दौरे के समय आपने किससे बातचीत की?

(iii) क्या आप किसी पड़ोसी/संबंधी से मिले हैं? उस बातचीत का विस्तृत ब्यौरा दें?

(iv) क्या घरेलू वातावरण बालक के लिए अनुकूल है? यदि नहीं तो स्थिति में सुधार के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? क्या आपने भावी दत्तक माता-पिता को सलाह दी है?

(v) क्या भावी दत्तक माता-पिता को पालन-पोषण संबंधी मुद्दों और अन्य मुद्दों के विषय में कोई शंका थी? क्या आपने उनकी शंकाओं का समाधान कर दिया है?

(vi) क्या भावी दत्तक माता-पिता दत्तकग्रहण के लिए पूरी तरह तैयार हैं?

(vii) क्या आपका यह मानना है कि भावी दत्तक माता-पिता ने बातचीत के दौरान अपनी वास्तविक भावनाएं व्यक्त की हैं?

2.3 परिवार के सदस्यों से बातचीत:

(i) क्या आपने भावी दत्तक माता-पिता के परिवार के अन्य सदस्यों से बातचीत की है? प्रस्तावित दत्तकग्रहण के विषय में उनके क्या विचार हैं? क्या दत्तकग्रहण के विषय में उनकी सोच सकारात्मक है?

(ii) क्या परिवार के ऐसे कोई अन्य सदस्य भी हैं, जिनसे आपकी बातचीत नहीं हो पाई लेकिन प्रस्तावित दत्तकग्रहण में उनकी अपेक्षाकृत बड़ी भूमिका हो सकती है? यदि हाँ तो आपने बातचीत कैसे की? क्या उनके विचार जानने की आपकी कोई योजना है?

(iii) क्या आपने भावी दत्तक माता-पिता के घर में विद्यमान अपेक्षाकृत बड़े बालक अथवा बालकों से बातचीत की है? यदि हाँ तो कृपया बातचीत का ब्यौरा दें।

(iv) क्या आपने परिवार के सदस्यों की कोई प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज की है? यदि हाँ तो दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पर उन टिप्पणियों का कितना प्रभाव पड़ सकता है?

2.4 वित्तीय क्षमता:

(i) भावी दत्तक माता-पिता की वित्तीय स्थिति के विषय में आपके क्या विचार हैं? क्या उनकी वित्तीय स्थिति इतनी सुदृढ़ है कि वे अपने परिवार में एक और सदस्य का स्वागत कर सकते हैं?

(ii) क्या आपने ऐसी वित्तीय स्थिति देखी है, जिसका उल्लेख भाग-I में नहीं किया गया है?

2.5 शारीरिक और भावात्मक क्षमता:

(i) क्या भावी दत्तक माता-पिता की शारीरिक और भावात्मक दशा इतनी अच्छी है कि वे बालक की देखरेख कर सकें?

(ii) क्या आपने भावी दत्तक माता-पिता या उनके परिवार के किसी अन्य सदस्य में कोई ऐसी शारीरिक या मनोवैज्ञानिक समस्या पाई है, जिससे आने वाले बालक का जीवन प्रभावित होगा? यदि हाँ तो ब्यौरा दें।

(iii) घर में कमरों की संख्या कितनी है तथा क्या घर में बालक की सहायता के लिए पर्याप्त स्थान है, इसका ब्यौरा दें।

(iv) क्या भावी दत्तक माता-पिता बालक की देखरेख के लिए भावात्मक रूप से पूरी तरह तैयार हैं?

3. दत्तक बालक के साथ दत्तकग्रहण के तथ्य को साझा करने और मूल खोज पर भावी दत्तक माता-पिता के विचार और तत्परता।

4. आपके आकलन के अनुसार क्या भावी दत्तक माता-पिता अपने अपेक्षित आयु मानदंड में बालक को गोद लेने के मानदंडों को पूरा करते हैं? हां या नहीं
यदि नहीं, तो इसके कारणों का उल्लेख करें।

5. दत्तकग्रहण की सिफारिश

(i) क्या आप दत्तकग्रहण के लिए भावी दत्तक माता-पिता की सिफारिश करते हैं? माता-पिता की उपयुक्तता सहित दत्तकग्रहण के लिए भावी दत्तक माता-पिता की सिफारिश करने के लिए अपने विचार और औचित्य दर्शाएं।

(ii) यदि आप दत्तकग्रहण के लिए भावी दत्तक माता-पिता की सिफारिश नहीं करते हैं तो ऐसे निर्णय के लिए उपयुक्त कारण बताएं।

(iii) भावी दत्तक माता-पिता द्वारा अभिहित पोर्टल पर डाले गए दस्तावेजों को विधिवत सत्यापित कर लिया गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता का नाम

सामाजिक कार्यकर्ता के हस्ताक्षर

अभिकरण या जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम

विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण या जिला बालक संरक्षण इकाई के मुख्य कार्यकारी के हस्ताक्षर और मुहर

*****

अनुसूची 8

[विनियम 12(1) और 17(2) देखें]

दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण वचनबद्धता

(शपथपत्र के रूप में)

वर्तमान में _____ (विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम और पता) की देखरेख में रह रहे ______ को जन्मे ______ (बालक का पूरा नया नाम) उर्फ _______ (बालक का पुराना नाम) नामक बालक के प्रस्तावित दत्तकग्राही मैं या हम, श्री ………… आयु ……………. वर्ष,……………… के नागरिक और श्रीमती …………….., आयु …………….. वर्ष, …………………… की नागरिक, स्थायी रूप से ………………….. (वर्तमान पता) के निवासी हैं, सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करते हैं कि:

1. मैं या हम उल्लिखित बालक को संबंधित जिला अधिकारी के दत्तकग्रहण आदेश के लंबित रहने तक के लिए दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देखरेख में ले रहा हूँ या रही हूँ या रहे हैं।
2. मैं या हम यह जानते हैं कि संबंधित न्यायालय से दत्तकग्रहण का अंतिम आदेश प्राप्त होने तक उक्त बालक ……………………..(विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम) के प्राधिकार और संरक्षण में रहेगा और हम उक्त बालक के केवल पोषण देख-रेख दत्तक माता पिता माता-पिता रहेंगे।
3. मेरी या हमारी देखरेख में रखे गए बालक को समस्त आवश्यक शिक्षा, चिकित्सीय देखरेख, ध्यान, पोषण और अपेक्षित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।
4. बालक के साथ कोई अप्रिय घटना हो जाने पर मैं या हम उस घटना की जानकारी तत्काल विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण को दूंगा या दूंगी या देंगे।
5. जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अंतिम आदेश जारी किए जाने तक बालक के विकास संबंधी जानकारी महीने में एक बार संस्था को दी जाएगी।
6. जब कभी मुझे या हमें बुलाया जाएगा, हम जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष दत्तकग्रहण सुनवाई में उपस्थित रहूँगा या रहूंगी या रहेंगे।
7. मैं या हम बालक अथवा बालकों को अपने स्वयं के बालक अथवा बालकों के रूप पालन-पोषण करूँगा या करूंगी या करेंगे।
8. मैं या हम हमारे परिवार में बालक / बालकों की उन्नति और प्रगति अभिनिश्चित करने के लिए दत्तकग्रहण उपरांत अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण/ जिला बालक संरक्षण इकाई / राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण के किसी प्राधिकृत सामाजिक कार्यकर्ता/ कार्यकारी को अपने या हमारे घर का दौरा करने की अनुमति दूंगा या दूंगी या देंगे।
9. मैं या हम दत्तकग्रहण उपरांत अनुवर्तन के प्रयोजन के लिए संबंधित विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण, जिला बालक संरक्षण इकाई और राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण को अपने या हमारे आवास (इस आवेदन में यथावर्णित के अलावा) के स्थान के किसी परिवर्तन की सूचना का वचन देता हूँ या देती हूँ या देते हैं।

श्री………....................	श्रीमती..........................
भावी दत्तक पिता	भावी दत्तक माता
तारीखः	तारीखः
साक्षी:	साक्षी:
नाम:	नाम:
हस्ताक्षर:	हस्ताक्षर:
पता:	पता:

अनुसूची 9

[विनियम 11(6), 12(2), 13(1), 16(14), 38(16), 59(4) और 59(5) देखें]

जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में भरे जाने वाले दस्तावेजों (अभिप्रमाणित अथवा नोटरी द्वारा सत्यापित) की सूची

1. अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों का देश के भीतर दत्तकग्रहण

दत्तकग्रहण विनियम की **अनुसूची 6** में यथाउल्लिखित, भावी दत्तक माता-पिता से संबंधित सभी दस्तावेज विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा प्राप्त किए जाएंगे।

<u>विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा प्रबंध किए जाने वाले बालक संबंधी सभी दस्तावेज</u>:-

(1) बालक के नवीनतम फोटो के साथ भावी दत्तक माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित बाल अध्ययन रिपोर्ट।

(2) भावी दत्तक माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित बालक की चिकित्सा जांच रिपोर्ट।

(3) बालक को 'दत्तकग्रहण के लिए विधिमान्य विधिक रूप से स्वतंत्र' घोषित करने वाला बालक कल्याण समिति का प्रमाणपत्र।

(4) भावी दत्तक माता-पिता के नवीनतम फोटो के साथ उनकी गृह अध्ययन रिपोर्ट।

(5) विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के रूप में अभिकरण के मान्यता प्रमाणपत्र की प्रति।

(6) दत्तकग्रहण किए जाने वाले अधिक आयु के बालक या बालकों की सम्मति।

(7) दत्तकग्रहण समिति का निर्णय (केवल देश के भीतर दत्तकग्रहण के मामले में)।

(8) बालक के दत्तकग्रहण के समर्थन में विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के मुख्य कार्यकारी द्वारा शपथ-पत्र।

(9) दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण का शपथ-पत्र(यदि लागू हो)।

2. भारत में निवास कर रहे विदेशी या भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक अथवा विदेश में रह रहे विदेशी भावी दत्तक माता-पिता द्वारा अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालक का दत्तकग्रहण।

जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उनकी ओर से दत्तकग्रहण आवेदन को फाइल करने के लिए विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के प्राधिकृत कार्यकारी के पक्ष में भावी दत्तकग्रहण माता-पिता से मुख्तारनामा सहित दत्तकग्रहण विनियम की **अनुसूची 6** में यथाउल्लिखित, भावी दत्तक माता-पिता से संबंधित सभी दस्तावेज, प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा केंद्रीय प्राधिकरण अथवा संबंधित सरकारी विभाग अथवा विदेश में स्थित भारतीय मिशन से विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा प्राप्त किए जाएंगे।

विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा व्यवस्थित किए जाने वाले बालक के सभी दस्तावेज:-

(1) बालक के नवीनतम फोटो के साथ भावी दत्तक माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित बाल अध्ययन रिपोर्ट।

(2) भावी दत्तक माता-पिता द्वारा हस्ताक्षरित बालक की चिकित्सा जांच रिपोर्ट।

(3) बालक को 'दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करने वाला बालक कल्याण समिति का प्रमाणपत्र।

(4) बालक के नवीनतनम पारिवारिक फोटो के साथ भावी दत्तक माता- पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट

(5) विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के रूप में अभिकरण के मान्यता प्रमाणपत्र की प्रति

(6) दत्तकग्रहण किए जाने वाले अधिक आयु के बालक या बालकों की सम्मति

(7) दत्तक ग्रहण समिति का निर्णय (केवल देश के अंदर दत्तक ग्रहण के मामलों में)

(8) बालक के दत्तकग्रहण के समर्थन में विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के मुख्य कृत्यकारी द्वारा शपथ-पत्र

(9) दत्तकग्रहण-पूर्ण पोषण का शपथ पत्र (जहां कहीं भी आवश्यक हो)

3. **अंतर-देशीय रिश्तेदारी में दत्तकग्रहण**

जहां बालक अपने जैविक माता-पिता अथवा संरक्षक के साथ निवास करता है, भावी दत्तक माता-पिता अपने मुख्तारनामे के माध्यम से केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा जारी पूर्व-अनुमोदन पत्र और दस्तावेजों (दत्तकग्रहण विनियमों की **अनुसूची 6** में यथा उपदर्शित) के साथ जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष दत्तकग्रहण आवेदन फाइल करेंगे। मामले को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उठाने के लिए संबंधित बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है।

4. **देश के भीतर रिश्तेदारी में दत्तकग्रहण**

जहां बालक अपने जैविक माता-पिता अथवा संरक्षक के साथ निवास करता है, भावी दत्तक माता-पिता अपने मुख्तारनामे के माध्यम से पूर्व-अनुमोदन पत्र **(अनुसूची 25)** और दस्तावेजों (दत्तकग्रहण विनियमों की **अनुसूची 6** में यथा उपदर्शित) के साथ जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष दत्तकग्रहण आवेदन फाइल करेंगे। मामले को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उठाने के लिए संबंधित बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है।

5. सौतेले बालक का दत्तकग्रहण

जहां बालक अपने जैविक माता-पिता अथवा संरक्षक के साथ निवास करता है, भावी दत्तक माता-पिता पूर्व-अनुमोदन पत्र (**अनुसूची 25**) और दस्तावेजों (दत्तकग्रहण विनियमों की **अनुसूची 6** में यथा उल्लिखित) के साथ जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष दत्तकग्रहण आवेदन फाइल करेंगे। मामले को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उठाने के लिए संबंधित बाल संरक्षण इकाई से संपर्क किया जा सकता है।

टिप्पण: केवल उपरोक्त सूची में उल्लिखित प्रमाणपत्र या दस्तावेज, यथा-लागू, फाइल किया जाना अपेक्षित है। दत्त्कग्रहण के किसी भी मामले में संतानोत्पत्ति में असमर्थता का प्रमाणपत्र अपेक्षित नहीं है।

अनुसूची 10

[विनियम 17(1) देखें]

अनापत्ति प्रमाण पत्र

(स्त्री और बाल विकास मंत्रालय का कानूनी निकाय)

प्रमाण-पत्र संख्या: तारीख:

केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण

बालक का फोटो	भावी दत्तक माता-पिता का फोटो

प्रमाणित किया जाता है कि स्त्री और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण, जो दत्तकग्रहण के मामलों से संबंधित केंद्रीय प्राधिकरण है, को आगे उल्लिखित ब्यौरे के अनुसार भावी दत्तक माता-पिता द्वारा बालक अथवा बालकों के दत्तकग्रहण पर 'कोई आपत्ति नहीं' है:

क्र. सं.	बालक का नाम	बालक का लिंग	जन्म की तारीख	भावी दत्तक माता-पिता के नाम और पता

2. यह अनापत्ति प्रमाण-पत्र दत्तकग्रहण विनियम, 2022 और बाल संरक्षण और अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण के संबंध में बच्चों की सुरक्षा और सहयोग के लिए हेग अभिसमय, 1993 के अनुच्छेद 17(ग) के अनुसार जारी किया जाता है।

3. दत्तकग्रहण के इस मामले में कार्रवाई करने के लिए विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण और प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा केंद्रीय प्राधिकरण अथवा संबंधित विदेशी सरकारी विभाग अथवा भारतीय राजनयिक मिशन को प्राधिकृत किया गया है।

4. विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण संबंधित जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष दत्तकग्रहण आवेदन फाइल करेगा।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर और मुहर

प्रेषित:

(1) विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम और पता।

(2) राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण अथवा राज्य सरकार के संबंधित विभाग का नाम और पता।

(3) जिला मजिस्ट्रेट का नाम और पता।

(4) प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा संबंधित विदेशी सरकारी विभाग अथवा भारतीय राजनयिक मिशन का नाम और पता।

(5) प्राप्तकर्ता देश का भारत स्थित राजनयिक मिशन।

(6) प्राप्तकर्ता देश का केंद्रीय प्राधिकरण।

(7) विदेशी क्षेत्रीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी।

अनुसूची 11

[विनियम 19(1), 60 देखें]

पुष्टि प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र संख्या: तारीख:

केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण

(बालक संरक्षण और अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण की बाबत सहयोग पर हेग अभिसमय, 1993 के अनुच्छेद 23 के अधीन)

बालक का फोटो	भावी दत्तक माता-पिता का फोटो

1 - अधोहस्ताक्षरी प्राधिकारी:

(राज्य के सक्षम दत्तकग्रहण प्राधिकारी का नाम और पता)

....
....
....
....
....

2. एततद्वारा सत्यापित किया जाता है कि बालक:

कुटुंब नाम:

पहला नाम:

लिंग: बालक ( ) बालिका ( ) अन्य ( )

जन्मतिथि: दिन ( ) माह ( ) वर्ष ( )

जन्मस्थान:

निवास का पता:

3- निम्नलिखित प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार अपनाया गया था।:

विनिश्चय की तारीख:

विनिश्चय को अंतिम रूप देने की तारीख:

(यदि दत्तकग्रहण किसी प्राधिकारी के विनिश्चय के अनुसार न होकर अन्यथा किया गया तो कृपया समतुल्य का ब्यौरा दें)

4. निम्नलिखित व्यक्ति(यों) द्वारा किया गया:

(क) दत्तक पिता का कुटुंब नाम:

पहला नाम:

जन्म तिथि: दिन ( ) माह ( ) वर्ष ( )

जन्म स्थान:

दत्तकग्रहण के समय निवास का पता:

(ख) दत्तक माता का कुटुंब नाम:

पहला नाम:

जन्म तिथि: दिन( )माह( )वर्ष( )

जन्म स्थान:

दत्तकग्रहण के समय निवास का पता:

5. अधोहस्ताक्षरी प्राधिकारी प्रमाणित करता है कि दत्तकग्रहण, हेग अभिसमय के अनुसार किया गया और करार अनुच्छेद 17, उप-पैरा ग के अनुसार निम्नलिखित द्वारा किया गया:

(क) मूल राष्ट्र के केंद्रीय प्राधिकरण का नाम और पता

....
....
.... /करार की तारीख: ....

(ख) प्राप्तकर्ता राष्ट्र के केंद्रीय प्राधिकरण का नाम और पता:

....
....
.... /करार की तारीख: ....

6. दत्तकग्रहण ने माता-पिता और बालक के बीच पूर्ववर्ती विधिक संबंध समाप्त कर दिए हैं। ☐

अथवा

दत्तकग्रहण से माता-पिता और बालक के बीच पूर्ववर्ती विधिक संबंध को समाप्त नहीं किया है। ☐

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर और मुहर

प्रेषित:

(1) विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम और पता।

(2) राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण अथवा राज्य सरकार के संबंधित विभाग का नाम और पता।

(3) क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का नाम और पता।

(4) प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा संबंधित विदेशी सरकारी विभाग अथवा भारतीय राजनयिक मिशन का नाम और पता।

(5) प्राप्तकर्ता देश का भारत स्थित राजनयिक मिशन।

(6) प्राप्तकर्ता देश का केंद्रीय प्राधिकरण।

(7) विदेशी क्षेत्रीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी।

अनुसूची 12

[विनियम 14(1), 20(1) और 21(5) देखें]

बालक की दत्तकग्रहण-पश्चात् रिपोर्ट

रिपोर्ट सं.: तारीख:

बालक और भावी दत्तक माता-पिता का फोटो

[देश के भीतर दत्तक-ग्रहण के मामले में, पश्च दत्तकग्रहण अनुवर्ती पहली रिपोर्ट, दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देख-रेख के तीन महीने के भीतर और उसके बाद अर्ध-वार्षिक आधार पर पूर्ण की जाएगी]

पहली पश्च दत्तकग्रहण अनुवर्ती रिपोर्ट	दूसरी पश्च दत्तकग्रहण अनुवर्ती रिपोर्ट	तीसरी पश्च दत्तकग्रहण अनुवर्ती रिपोर्ट	चौथी पश्च दत्तकग्रहण अनुवर्ती रिपोर्ट
तारीख	तारीख	तारीख	तारीख

* भारत में निवास कर रहे विदेशी, भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक और स्वाभाविक रूप से विदेश में निवासरत विदेशी भावी दत्तक माता-पिता द्वारा दत्तकग्रहण के मामलों में, पहले वर्ष के दौरान त्रैमासिक आधार पर और दूसरे वर्ष में छमाही आधार पर स्थानन-पश्चात् छह रिपोर्टें होंगी।

1. पहचान संबंधी जानकारी:

(क) बालक का नाम (आंरभिक और बाद में दिया गया, यदि कोई हो)

(ख) उपनाम/ कुटुंब नाम:

(ग) बालक के जन्म की तारीख:

2. दत्तक माता-पिता का संपर्कों का ब्यौरा

3. बालक का सामंजस्य:

(क) वर्तमान लंबाई और भार

(ख) शारीरिक परीक्षाओं और चिकित्सक के दौरों से प्राप्त निष्कर्ष

(ग) खानपान और सोने संबंधी आदतें

(घ) भावात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास

(ड) कुटुंब के सदस्यों से लगाव

(च) स्कूल में बालक का नामांकन (यदि लागू हो)

(छ) बोली जाने वाली भाषा(एं) (यदि लागू हो)

4. बालक के साथ दत्तक परिवार के सदस्यों का सामंजस्य:

5. कुटुंब की संरचना या सक्रियता में महत्त्वपूर्ण बदलाव, यदि कोई हों:

(निवास, नियोजन, कार्य संबंधी दायित्वों, रोग इत्यादि में परिवर्तन)

6. सामाजिक कार्यकर्ता की संप्रेक्षण और सिफारिशें

(हस्ताक्षर)

सामाजिक कार्यकर्ता का नाम:

अभिकरण का नाम और तारीख

टिप्पण: दत्तकग्रहण-पश्चात अनुवर्ती रिपोर्ट का ऑनलाइन अद्यतन करना अनिवार्य है।

*****

अनुसूची 13

[विनियम 25(1) (च) देखें]

विशिष्ट दत्तकगहण अभिकरणों में बालक की देखरेख के मानक

1. अभिकरणों से यह सुनिश्चित करना अपेक्षित होता है कि बालकों को संस्था में निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान कराई जाएं:

(क) भौतिक सुविधाएं;

i. भौतिक परिवेश, जिसमें बालक की देखरेख की जाती है, स्वच्छ होना चाहिए। अभिकरण मे स्वच्छता और सफाई का रखरखाव पर्याप्त होना चाहिए चूंकि संस्था में अधिकांश बालक छोटे होते हैं और अनेक प्रकार की बीमारियों से पीड़ित होते हैं। एक वर्ष से कम आयु के बालकों को ऐसे एक कमरे में रखा जाना चाहिए जिससे स्नानघर और दूध पिलाने का कमरा लगा हुआ हो। एक से तीन वर्ष की आयु के बालकों को स्नानघर से जुड़े हुए कमरे में रखा जाना चाहिए। बड़े बालकों को लड़के और लड़कियों के दो अलग-अलग कमरों में रखा जाना चाहिए। प्रत्येक कमरे के साथ स्नानघर और शौचालय जुड़े होने चाहिए।

ii. इसमें बर्तन धोने का स्थान और बड़ा रसोईघर और बड़े बालकों के लिए भोजन कक्ष होना चाहिए। इसमें अच्छी रोशनी, हवा के आने-जाने की जगह और पर्याप्त स्थान आवश्यक होना चाहिए।

iii. गृह को, विशेषकर स्नानघर, शौचालय और रसोईघर को स्वच्छ, साफ होना चाहिए। दीवारें और आस-पास का परिवेश चमकदार और मनोहारी होना चाहिए। कक्षों को सजाने के लिए उनमें अच्छा रोगन होना चाहिए और खिलौने, जानवरों की तस्वीरें आदि लगी होनी चाहिए।

(ख) चिकित्सा सुविधाएं:

नियमित चिकित्सीय निरीक्षण किया जाना चाहिए, जहां तक संभव हो, हर वैकल्पिक दिन रजिस्ट्रीकृत पेशेवर चिकित्सक द्वारा निरीक्षण किया जाना चाहिए। शिशु रोग विशेषज्ञ को जोखिम वाले और अतिसंवेदनशील बालक का निदान और उपचार करने के लिए सबसे अच्छा प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

i. शिशुओं और बालक को संस्थाओं में प्रवेश के समय अलग रखा जाए और कम से कम एक सप्ताह तक पर्यवेक्षण में रखा जाए।

ii. बालक के प्रवेश के समय उपलब्ध अन्य विवरणों के साथ उसका भार, लंबाई और सिर की माप को लिखा जाना चाहिए।

iii. चिकित्सा अभिलेख रखा जाना चाहिए और चिकित्सक को यथाशीघ्र, बालक के प्रवेश के चौबीस घंटों के भीतर, उसका आकलन करना चाहिए।

iv. छह मास से कम आयु के वरीयता प्रत्यके बालक की फोटो प्रत्येक मास, छह मास से तीन वर्ष तक हर तीन मास पर और उसके बाद हर छह मास पर ली जानी चाहिए।

v. प्रतिरक्षण नियमित रूप से दिया जाना चाहिए और निगरानी की जानी चाहिए।

vi. गृह में हर समय आपातकालीन किट उपलब्ध होनी चाहिए और बुलाने पर चिकित्सक के आने की व्यवस्था होनी चाहिए।

vii. स्वास्थ्य के साधारण उपाय अर्थात् स्वच्छता, दांत और त्वचा की देखरेख और आहार का पर्यवेक्षण किया जाए।

viii. बालक के समुचित विकास के लिए प्रेरणा बहुत महत्वपूर्ण है। इसे दिनचर्या में साधारण प्रेरणा तकनीकों को शुरू करके नर्सों, सहायकों में जागरूकता वृद्धि करके हासिल किया जा सकता है। यह भी सलाह दी जाती है कि फिजियोथैरेपिस्ट नियमित आधार पर बालकों की जांच करे।

(ग) कर्मचारीवृंद:

i. अभिकरण के पास बालकों की देखरेख के लिए पर्याप्त **कर्मचारीवृंद** होने चाहिए, एक वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए 4:1 अनुपात की वरीयता, एक से तीन वर्ष के आयु वर्ग के बालकों के लिए 5:1 और बड़े बालकों के लिए 8:1 के अनुपात में **कर्मचारीवृंद** होने चाहिए।

ii. दत्तकग्रहण गृहों में ऐसे कार्मिकों की आवश्यकता होती है जो बालकों के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हैं। उन्हें बालकों की देखभाल में "शिक्षित" किए जाने की जरूरत है। यह सिफारिश की जाती है कि नर्सों, सहायकों, देखरेख कर्ताओं और अन्य **कर्मचारीवृंद** के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए जिसमें वे उन बालकों की, जो उनकी देखरेख में है, विशेष प्रास्थिति को पहचानने में सक्षम बन सकें|

iii. प्रतिबद्धित **कर्मचारीवृंद** अच्छी बालक देखरेख का क्योंकि अभिन्न अंग होता है, अत: **कर्मचारीवृंद** की प्रेरणा का स्तर ऊंचा रखा जाए।

iv. कर्मचारियों का भी प्रतिरक्षण किया जाए।

(घ) कपड़े: यह महत्वपूर्ण है कि गृह में रहने वाले बालक हर समय साफ, आरामदायक और अच्छी तरह रखे गए कपड़े पहनें, न कि सिर्फ दत्तक माता-पिता से मुलाकात के दौरान।

(ङ) भोजन: संस्था का भोजन स्वच्छतापूर्वक पकाया हुआ, पोषक और स्वादिष्ट होना चाहिए। व्यंजन सूची में भिन्नता होनी चाहिए। विशिष्ट भोजन लेने वाले बालकों की आवश्यकताओं पर भी ध्यान दिया जाए। इससे गृह में आने वाले बालकों के सामने आ रही कुपोषण की समस्या से निपटने में सहायता मिलेगी। सूत्रों के संकेत वाला आहार चार्ट प्रदर्शित किया जाए और उसका अनुपालन किया जाए।

(च) शिक्षा: विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण को अर्हित शिक्षक और विशेष शिक्षक के माध्यम से अथवा किसी ऐसे विद्यालय से जुड़ कर जो बालक अथवा बालकों को अस्थायी आधार पर लेगा, अनौपचारिक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए।

2. बालकों की देखरेख करते समय, निम्नलिखित मुद्दे महत्वपूर्ण हैं:

(क) किसी बालक का स्नायुविक विकास उनकी प्रारंभिक बाल्यावस्था के पहले कुछ वर्षों के भीतर पूर्ण हो जाता है और शेष पूरे जीवन में उनकी मस्तिष्क की क्षमताओं को निर्धारित करता है। इसके अतिरिक्त, किसी बालक को संज्ञानात्मक, शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से विकसित करने के लिए 3 वर्ष की आयु तक सुरक्षित लगाव का अनुभव करने की आवश्यकता होती है। अतः विशेष दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा ऐसे बालकों के लिए वैकल्पिक परिवार को शीघ्रता से खोजने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा जिससे उनमें शैशावस्था के दौरान ही सुरक्षित लगाव और उचित बंधन अनुभव विकसित हो सकें।

(ख) बालकों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए उनसे बात करना, गले लगाना, पकड़ना, खेलना, कहानियां सुनाना और गाना बहुत जरूरी है। यद्यपि यह कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जाना चाहिए, यह भी सलाह दी जाती है कि स्वयंसेवकों को इस क्रियाकलाप को करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

(ग) गुणवत्तापूर्ण बालक देखरेख (प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखरेख) से शिशु और छोटे बालक को अपने साथियों के साथ खेलने और सामाजिककरण में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, भोजन और पोषण प्रदान करना, एक सुरक्षित वातावरण बनाना, स्कूली तत्परता को बढ़ावा देना और प्राथमिक विद्यालय के लिए बालकों को तैयार करना और बाल्यावस्था के प्रारम्भिक वर्षों के दौरान समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है।

(घ) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जब बालक संस्था में हो तो बाल शोषण और उपेक्षा की कोई घटना न हो।

टिप्पण: सभी दत्तकग्रहण अभिकरण किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) आदर्श नियम, 2022 के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट बालक देखरेख के मानकों का अनुपालन करेंगे।

अनुसूची-14

[विनियम 46 एवं 50 देखें]

संबंधित प्राधिकरणों और अभिकरणों के लिए समयसीमा

क . बालक से संबंधित प्रक्रियाओं के लिए समयसीमा:

क्रं सं.	विनियम	कार्य	समय
1.	6(2)	बालक देख भाल संस्थान या विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण को परित्यक्त बालक को बाल कल्याण समिति के सामने उनकी तस्वीर और विवरण वाली रिपोर्ट के साथ पेश करना होगा।	चौबीस घंटे के भीतर (यात्रा अवधि को हटाकर)।
2.	6(5) और 7 (10)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण को अभिहित पोर्टल पर बालक के विवरण को उनकी तस्वीर के साथ ऑनलाइन दर्ज करेगी।	बालक प्राप्त करने के समय से तीन दिनों के भीतर।
3	6(7)	जिला बाल संरक्षक इकाई को एक राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र में परित्यक्त बालक के विवरण और तस्वीर को विज्ञापित करने के लिए व्यापक प्रसार, स्थानीय केबल नेटवर्क, जहां कहीं भी विद्यमान है और ट्रैक चाइल्ड पोर्टल या खोयापाया में डाटा की प्रविष्टि सुनिश्चित करना।	बालक प्राप्त करने के समय से तीन दिनों के भीतर।
4	6(9)	जिला बालक संरक्षण इकाई को विज्ञापन के परिणाम सहित परित्यक्त बालक के जैविक माता-पिता या	बाल कल्याण समिति के समक्ष बालक को पेश करने की तारीख

		विधिक अभिभावक का पता लगाने के लिए उसके द्वारा किए गए प्रयासों पर बाल कल्याण समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।	से तीस दिनों के भीतर।
5	6(10)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण या बालक देख भाल संस्थान को बालक द्वारा उनके अल्पावधि प्लेसमेंट के दौरान प्रकट की गई किसी भी जानकारी और बालक का दावा करने के लिए संपर्क करने वाले व्यक्तियों के विवरण के बारे में बाल कल्याण समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करना, यदि कोई हो।	बाल कल्याण समिति के समक्ष बालक को पेश करने की तारीख से तीस दिन के तुरंत बाद।
6	6(13)	बाल कल्याण समिति द्वारा अनाथ या परित्यक्त बालक को गोद लेने के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करना।	दो या दो वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक के मामलों में क्रमशः दो या चार महीने की समाप्ति के बाद तीन दिनों की अवधि के भीतर बाल कल्याण समिति के समक्ष बालक को प्रस्तुत करना।
7	6(15),7(18),30(1) (ड़) (च), और 38 (2)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण को बालक की नवीनतम तस्वीर के साथ बाल अध्ययन रिपोर्ट और चिकित्सा परीक्षा रिपोर्ट अपलोड करनी होगी।	बाल कल्याण समिति द्वारा बालक को दत्तक ग्रहण के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित करने की तारीख से दस दिनों के भीतर।
8	7(3)	जैविक माता-पिता द्वारा समर्पण विलेख पर हस्ताक्षर।	बालक को प्रस्तुत करने वाले दिन।
9	7(10)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा निर्दिष्ट पोर्टल पर अभ्यर्पित बालक या बालक का विवरण अपलोड किया जाना है।	बालक प्राप्त करने के समय से तीन दिनों के भीतर।
10	7(11) और 7(16)	जैविक माता-पिता या कानूनी अभिभावक द्वारा आत्मसमर्पण किए गए बालक की पुनर्विचार अवधि या पुनः प्राप्त करना।	अभ्यर्पण की तारीख से साठ दिन।
11	30(1) (घ)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण, बालक को विधिक रूप से मुक्त घोषित करने वाली बाल कल्याण समिति द्वारा जारी प्रमाण पत्र को अभिहित पोर्टल पर अपलोड करेगी।	ऐसे प्रमाणपत्र की प्राप्ति के अड़तालीस घंटे के भीतर।
12.	36(8)	बालक में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं या संदिग्ध विशेष आवश्यकता की स्थिति होने पर जिला मजिस्ट्रेट बालक को जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास भेजेंगे।	चौबीस घंटे के भीतर जैसे ही संबंधित जिला बालक संरक्षण इकाई की मदद से विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण या बालक देख भाल संस्थान से ऐसे बालक की जानकारी मिलती है।
13	36(9) और 37	मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालक के स्वास्थ्य की स्थिति की जांच करेगा और आकलन करेगा कि बालक को कोई बीमारी है या विशेष जरूरत है।	मामला प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर।

ख. निवासी भारतीयों के साथ-साथ भारत के भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक या भारत में रहने वाले विदेशियों द्वारा दत्तक ग्रहण के लिए समयसीमा:

क्रं सं.	विनियम	कार्य	समय
1.	10 (1)	भावी दत्तक माता-पिता को अपने रजिस्ट्रीकरण के बाद दस्तावेज अपलोड करने चाहिए।	तीस दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर।
2.	10(8),30(3) (फ) और 38(14)	सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भावी दत्तक माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट को पूरा किया जाना है।	अभिहित पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेज जमा करने की तारीख से साठ दिनों के भीतर
3.	10(9)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा नामित पोर्टल पर गृह अध्ययन रिपोर्ट अपलोड करना।	गृह अध्ययन रिपोर्ट के पूरा होने की तारीख से तीन दिनों के भीतर।
4.	11(3) और 21(3)	एक बालक को आरक्षित करने के लिए भावी दत्तक माता-पिता।	नामंकन की तारीख और समय से अड़तालीस घंटे के भीतर।
5	11(9)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा आरक्षित बालक के मिलान की प्रक्रिया और भावी दत्तक माता-पिता द्वारा स्वीकृति।	बालक के आरक्षण की तिथि से तीस दिनों के भीतर।
6	12(1)	बालक को दत्तकग्रहण -पूर्व पोषण देखरेख में लिया जाना है।	दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देखरेख वचनबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद मैचिंग की तारीख से दस दिनों के भीतर।
7	30(5)(ए) और 18(2)	विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा जिला बालक संरक्षण इकाई को संवीक्षा हेतु आवेदन प्रस्तुत करना।	भावी दत्तक माता-पिता द्वारा बालक के मिलान की तारीख से पांच दिनों के भीतर।
8	18(2), 30(5) (क) और 38(16)	जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र संवीक्षा के बाद जिलाधिकारी के पास जमा करना है।	विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण से आवेदन प्राप्त होने के पांच दिनों के भीतर।
9	13(6),18(1) और 36(2)	जिला दण्डाधिकारी द्वारा दत्तक ग्रहण आवेदन का निराकरण।	दत्तक ग्रहण आवेदन प्राप्त होने के साठ दिनों के भीतर।
10	13(8)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण द्वारा प्राप्त संभावित दत्तक माता-पिता को दत्तक ग्रहण आदेश की प्रमाणित प्रति अग्रेषित करना।	दत्तक ग्रहण आदेश जारी होने के दस दिनों के भीतर।
11	13(9)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण बालक के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करेगी।	दत्तक ग्रहण आदेश जारी होने की तारीख से पांच दिनों के भीतर।
12	13(9),19(5) और 40	जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वाला प्राधिकरण गोद लेने के आदेश और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करेगा।	संबंधित विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से आवेदन प्राप्त होने के पांच दिनों के भीतर।
13	14(1) और 14(3)	विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण या जिला बालक संरक्षण इकाई दत्तक ग्रहण के बाद की अनुवर्ती रिपोर्ट तैयार करेगी।	दत्तक-ग्रहण के पश्चात अनुवर्ती रिपोर्ट के संचालन प्रक्रिया से दस दिनों के भीतर।
14	62(2)	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण को देश में दत्तक ग्रहण के मामले में अपील।	राय या विनिश्चय की तारीख से सात दिनों के भीतर।

15	62(3)	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण द्वारा शिकायत या शिकायत का निवारण।	आवेदन प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर।
16	62(5)	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण से पंद्रह दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर उपयुक्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने में असमर्थ होने की स्थिति में केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से अपील करें।	राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के अड़तालीस घंटे के भीतर।
17	62(5)	केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा शिकायत या शिकायत का निवारण।	आवेदन प्राप्त होने की तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर।

ग. भारत में निवास कर रहे विदेशी या भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक या भारत में नहीं रहने वाले विदेशी भावी दत्तक माता-पिता द्वारा भारत से दत्तक ग्रहण की समय सीमा:

क्रं सं.	विनियम	कार्य	समय
1	16(7)	प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण या केंद्रीय प्राधिकरण या सरकारी विभाग या भारतीय मिशन के माध्यम से नामित पोर्टल से भावी दत्तक माता-पिता द्वारा एक बालक या बालकों का आरक्षण।	नामांकन प्राप्त होने मिलने के 96 घंटे के भीतर।
2	16(10)	भावी दत्तक माता-पिता द्वारा बालक की स्वीकृति।	बालक को आरक्षित करने के तीस दिनों के भीतर।
3	17(1) और 58	केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र।	भावी दत्तक माता-पिता द्वारा बालक की स्वीकृति और जहां भी आवश्यक हो, केंद्रीय प्राधिकरण के अनुमोदन सहित अपेक्षित दस्तावेज प्राप्त होने की तारीख से दस दिनों के भीतर।
4	19(1) और 60	केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण हेग दत्तक ग्रहण कन्वेंशन के अनुच्छेद 23 के अधीन अनुरूपता प्रमाणपत्र जारी करेगा।	दत्तक ग्रहण के आदेश की उपलब्धता की तारीख से तीन दिनों के भीतर।
5	19(3)	दत्तक ग्रहण किए गए बालक के लिए भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करेगी।	दत्तक ग्रहण आदेश प्राप्त होने की तारीख से तीन दिनों के भीतर।
6	19(4) और 42	दत्तक ग्रहण किए गए बालक के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पासपोर्ट जारी करेगा।	केंद्रीय सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी अंतर्देशीय दत्तक बालक को पासपोर्ट जारी करने के संबंध में परिपत्रों के अनुसार आवेदन प्राप्त होने की तारीख से दस दिनों के भीतर।

अनुसूची 15

[विनियम 25(1)(ड़), 29(1), 49(1) देखें]

विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण या बालक देख रेख संस्थानों द्वारा दत्तक ग्रहण शुल्क और उनका उपयोग

1. **देश के भीतर दत्तक ग्रहण शुल्क (शुल्क आदि):** किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 के अधीन किये गए दत्तक ग्रहण के मामलों में निवासी भारतीयों या भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक या भारत में रहने वाले विदेशी नागरिकों के लिए लागू।

क) सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भारत में भावी दत्तक माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट (एचएसआर) या कुटुंब पृष्ठभूमि रिपोर्ट।	रु. 6,000/(यात्रा व्यय सहित)
ख) दत्तकग्रहण का शुल्क, बाल अध्ययन रिपोर्ट, चिकित्सा परीक्षा रिपोर्ट, बालक की देख-रेख और रखरखाव, और अन्य प्रशासनिक लागत तैयार करने के प्रयोजन से।	रु. 50,000/*
ग) पश्च दत्तक ग्रहण के बाद अनुवर्ती मुलाकातें और परामर्श (दो वर्ष की अवधि के भीतर चार बार)।	रु. 2,000/प्रति विज़िट या रिपोर्ट (यात्रा व्यय सहित)
घ) जहां कहीं आवश्यक हो, गृह अध्ययन रिपोर्ट का पुनः विधिमान्यता।	रु. 2,000 प्रति विज़िट या रिपोर्ट (यात्रा व्यय सहित)

* देश के भीतर दत्तक ग्रहण के मामलों में, सहोदर के मामलों में दत्तकग्रहण करने की फीस 10,000 रुपये प्रति अतिरिक्त बालक के रूप में निर्धारित की गई है।

2. **अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण (शुल्क आदि):** किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 के अधीन प्रोसेस्ड दत्तकग्रहण के मामलों में गैर-निवासी भारतीयों या भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक या विदेश में रहने वाले विदेशी नागरिकों के लिए लागू।

क) प्राधिकृत सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा भावी दत्तक माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट।	प्राप्त करने वाले देश के मानदंडों के अनुसार
ख) बाल अध्ययन रिपोर्ट, चिकित्सा परीक्षा रिपोर्ट, बालक की देख-रेख और रखरखाव, और अन्य प्रशासनिक लागत तैयार करने के उद्देश्य से दत्तकग्रहण का शुल्क।	5,000 यूएस $**
ग) पश्च दत्तक ग्रहण के बाद अनुवर्ती मुलाकातें और परामर्श (दो वर्ष की अवधि के भीतर छह बार)	प्राप्त करने वाले देश के मानदंडों के अनुसार।

**अंतर-देशीय दत्तक-ग्रहण के मामलों में, सहोदर के मामलों में दत्तक-ग्रहण शुल्क 1000 अमेरिकी डॉलर प्रति अतिरिक्त बालक के रूप में निर्धारित किया गया है।

सामान्य स्वास्थ्य स्थितियों वाले बालक को अंतर-देशीय गोद लेने के मामले में, दत्तकग्रहण का शुल्क देश में गोद लेने के समान होगा।

3. **मानक उपयोग पैटर्न**

सभी विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण गृह अध्ययन, दत्तक-ग्रहण शुल्क और दत्तक-ग्रहण पश्चात अनुवर्ती कार्रवाई के लिए प्राप्त शुल्क के लिए निम्नलिखित मानक उपयोग पैटर्न का पालन करेंगे:

(क) संबंधित राज्य प्राधिकारियों द्वारा नियत विशिष्ट सरकारी अस्पताल दरों में यथाविहित चिकित्सा परीक्षा रिपोर्ट तैयार करने सहित बालकों के चिकित्सा परीक्षण और उपचार के संचालन के लिए सभी लागत;

(ख) बालकों के जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने में व्यय;

(ग) बालकों के पासपोर्ट प्राप्त करने में व्यय;

(घ) वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त कुल रकम के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं है से बड़े बालकों को परामर्श;

(ड) बालकों का संज्ञानात्मक विकास जिसमें मस्तिष्क का विकास, ज्ञान का विकास, कौशल, समस्या समाधान और स्वभाव सम्मिलित हैं, जो बालकों को उनके आसपास की दुनिया के बारे में सोचने और समझने में सहायता करते हैं जो वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त कुल रकम का 10% से अधिक नहीं है (खिलौना और शिक्षण – बालकों के लिए शिक्षण सामग्री आदि);

(च) विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणया बालक देख-रेख संस्था में रहने वाले बालकों के लिए चिकित्सा बीमा कवर जब तक उन्हें दत्तक नहीं लिया जाता है;

(छ) मामला दर मामला के आधार पर वास्तविक बिल के अनुसार आपात चिकित्सा स्थिति;

(ज) मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना के आधीन या किसी अन्य स्रोत के माध्यम से सरकार से सहायता प्राप्त नहीं करने वाले ऐसे बालकों की बालक देखरेख और रखरखाव;

(झ) बालकों के लिए फिजियोथेरेपी सुविधाएं।

4. विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण या संबद्ध बालक देखरेख संस्थाएं दत्तक लेने की फीस के रूप में प्राप्त रकम का उपयोग केवल संबंधित घरों में बालकों के कल्याण के लिए करेंगी और ऊपर दी गई निधियाँ का उपयोग करेंगी और प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान खातों के ब्यौरे बनाकर रखेंगी और अव्ययित अतिशेष को अगले वित्तीय वर्ष में जमा किया जा सकता है।

5. दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के विनियम 26(2) के अनुसार, दत्तक ग्रहण फीस या सरकार से प्राप्त अनुदान का दुरुपयोग या व्यपवर्तन किसी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण की मान्यता के निलंबन का एक आधार हो सकता है।

6. विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण या बालक देख-रेख संस्थाओं को दत्तकग्रहण विनियम- 2022 के नियम 29 (2) के अनुसार चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा लेखापरीक्षित की जाने वाली अन्य सरकारी अधिसूचित योजनाओं के अधीन दत्तक की फीस और सरकारी अनुदान के उपयोग सहित उचित खातों को बनाए रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उपगत किए गए सभी व्यय बिलों और वाउचरों द्वारा समर्थित होने चाहिए और हर हालत में चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा इसका लेखापरीक्षित किया जाना चाहिए।

7. सरकार द्वारा चलाई जा रही विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के मामले में, बालकों के कल्याण के लिए ऐसी निधियों के उपयोग के लिए उपयुक्त स्तर पर अनुमोदन लिया जाएगा।

8. यदि किसी अभिकरण की मान्यता समाप्त हो जाती है, और राज्य सरकार द्वारा उस अभिकरण के बालकों को किसी अन्य अभिकरण या अभिकरणों में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया जाता है, तो दत्तक लेने के फीस खाते में उपलब्ध अतिशेष राशि ऐसी अभिकरण या अभिकरणों को स्थानांतरित बालकों की संख्या के अनुपात में स्थानांतरित कर दी जाएगी।

9. विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण प्राप्त दत्तक लेने की फीस के लिए एक अलग बैंक खाता बनाएगी जिसमें अलग रिकॉर्ड या रसीदों या भुगतानों या व्यय या खातों के रजिस्टर होंगे और खाते की लेखा परीक्षा वित्तीय वर्ष के अंत में एक चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा की जानी चाहिए जो यह प्रमाणित करें कि शुल्क का उपयोग उपरोक्त पैरा 3 में नियत मानदंडो के अनुसार किया गया है।

10. जहां विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण ने किसी अन्य बालक देख-रेख संस्था से संबंधित बालक के दत्तक लेने के मामले की प्रक्रिया की है, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण संबंधित बालक देख-रेख संस्था के बैंक खाते के ब्यौरे प्राप्त करेगी और इसे प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण या संभावित दत्तक माता-पिता को प्रदान करेगी। संबंधित बालक देख-रेख संस्था को इलेक्ट्रॉनिक स्थानांतरण के माध्यम से दत्तक लेने की फीस का पचास प्रतिशत भुगतान करने के लिए और ऐसे मामलों में, बालक देख-रेख संस्था को भी दत्तक लेने की फीस के उपयोग के समान पैटर्न का पालन करना अपेषित होता है। उनको छोड़कर जो लागू नहीं हैं।

11. जिन अभिकरणों को मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना के अधीन अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है, वे केवल बालकों की देख रेख के लिए और उपरोक्त मदों के अधीन निधियों का उपयोग कर सकते हैं।

अनुसूची 16

[विनियम 53(2) देखें]

पोषण देख रेख दत्तकग्रहण

(1) कुटुंब पालन-पोषण देख-रेख के लिए उपलब्ध बालक और बाद में पालक माता-पिता द्वारा दत्तक लिए गए बालक –

(क) **प्रवर्ग -1**: दत्तक लेने के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित बालक, जिन्हें किशोर न्याय नियम 2022 के नियम 44 और समय-समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित पोषण देख-रेख के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार देश में या अंतरदेशीय दत्तकग्रहण में कोई कुटुंब नहीं मिलता है।

(ख) **प्रवर्ग -2**: बाल कल्याण समिति द्वारा दत्तक के लिए विधिक रूप से मुक्त घोषित बालक, जिन्हें दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के विनियम 2 के खंड (13) में यथाउपबंचित जिन बालकों को कठिन श्रेणी या वो बालक जो तत्काल स्थापन के लिए उपलब्ध हैं, जिन्हें देश में दत्तकग्रहण करने या अंतरदेशीय दत्तकग्रहण हेतु कुटुंब नहीं मिलता है।

(2) पालक माता-पिता की पात्रता।

(क) भावी पालक माता-पिता शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक रूप से सक्षम हों, और उनको जीवन को जोखिम में डालने वाली चिकित्सा दशा नहीं होनी चाहिए और उनको कोई खतरनाक बीमारी न हो और उन्हें किसी भी आपराधिक प्रकृति के कृत्य में सिद्ध दोषी नहीं होना चाहिए या बाल अधिकारों के उल्लंघन के किसी मामले में अभियुक्त नहीं होना चाहिए।

(ख) भावी पालक माता-पिता भी किशोर न्याय नियम 2022 और समय-समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित पोषण देख-रेख मार्गदर्शक सिद्धांत में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार पात्र होने चाहिए।

(3) पालन की जाने वाली प्रक्रिया-

(क) भावी पालक दत्तक माता-पिता अभिहित पोर्टल में रजिस्ट्रर करेंगे और जिला बालक संरक्षण इकाई यथा अपेक्षित उनकी उपयुक्तता सुनिश्चित करेगी।

(ख) जिला बालक संरक्षण इकाई भावी पालक माता पिता के साथ बालक का मिलान पूरा करेगी और पोषण देख-रेख करने वालों का चयन करते समय, पड़ोस की देख-रेख और समूह पोषण देख-रेख द्वारा पालित विस्तारित कुटुंबिक संबंधों को, उसके बाद को प्राथमिकता दी जाएगी।

(ग) बालक के हित को ध्यान में रखते हुए बालक को उसी सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में पालक माता-पिता के साथ पोषण देख-रेख में रखा जाएगा।

(घ) यदि पालक माता-पिता विशेष बालक या बालकों को दत्तक लेना चाहते हैं, तो दो वर्ष की अवधि के पश्चात इसकी अनुमति दी जा सकती है और ऐसे मामले में, पालक माता-पिता को दत्तक लेने के लिए अभिहित पोर्टल में संतोषजनक अनुवर्ती रिपोर्ट पालन के अधीन ऑनलाइन रजिस्टर करना होगा।

(4) अन्य मामलों में प्रक्रिया।

(क) ऐसे मामलों में, जहां कोई बालक विधिक रूप से मुक्त घोषित नहीं है और उसे सम्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए अस्थायी अवधि के लिए एक पालक कुटुंब के साथ रखा गया है, ऐसा पालक कुटुंब विशेष बालक को दत्तक ले सकता है परंतु बालक विधिक रूप से मुक्त घोषित की स्थिति प्राप्त करता है जिसके बाद कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिए संतोषजनक अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

(ख) इसके अतिरिक्त राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण संबंधित जिला बालक संरक्षण इकाई की सहायता से सुसंगत जानकारी को अभिहित पोर्टल में अपलोड करेगी।

अनुसूची 17

[विनियम 41(17) देखें]

देश के भीतर दत्तकग्रहण के मामले में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के लिए समर्थन पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री _____________ और श्रीमती __________ (अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या------------------) ने किशोर न्याय (बालकों की देख रेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 के अधीन केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट __________________ (जिले का नाम) द्वारा दत्तक लेने हेतु जारी आदेश संख्या ______________तारीख_____________ के माध्यम से __________ (पुरुष या स्त्री या अन्य), को _____________ (जन्म तारीख) को देश में विधिमान्य रूप से दत्तक लिया है।

2. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधत अधिनियम 2021 की धारा 63 के अनुसार उस तारिख से, जिसको दत्तक ग्रहण आदेश प्रभावी होता है, निर्वसीयतता सहित सभी प्रयोजनों के लिए ऐसा बालक, जिसके संबंध में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कोई दत्तक ग्रहण आदेश जारी किया गया है, दत्तक माता-पिता का बालक हो जाएगा और दत्तक माता-पिता बालक के इस प्रकार माता-पिता हो जाएंगे मानो दत्तक माता-पिता ने बालक को पैदा किया है, जो इस मामले में लागू होता है।

3. आगे यह सूचित किया जाता है कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 और दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के अधीन दत्तकग्रहण- पूर्व दत्तक ग्रहण की तारीख से दो साल की अवधि के लिए दत्तक लिए गए बालक के लिए आज्ञापक अनुवर्ती प्रदान करते हैं। अब तक इस मामले में _______ तक _______ दत्तक लेने के बाद की अनुवर्ती रिपोर्ट (रिपोर्टों) को पूरा किया जा चुका है और _______ शेष हैं। यदि दत्तक माता-पिता स्थायी रूप से या लंबी अवधि (तीन मास से अधिक) के लिए विदेश में स्थानांतरित करने की इच्छा रखते हैं, तो दत्तक ग्रहण के बाद के आतिशेष संबंधित भारतीय राजनयिक मिशन द्वारा व्यावसयिक सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से संचालित की जाएगी। भारतीय राजनयिक मिशन या प्राधिकरण द्वारा पहचाने गए व्यावसयिक सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से दत्तक ग्रहण के बाद अनुवर्ती कार्रवाई का संतुलन प्राप्त करने का दायित्व दत्तक माता-पिता के पास है। **(दत्तक माता-पिता द्वारा वचनबद्धता की प्रति संलग्न)।**

4. उपरोक्त समर्थन पत्र ___________ (दत्तक माता-पिता का नाम) से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से बालक के लिए पासपोर्ट जारी करने के प्रयोजन से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

सहायक निदेशक, सी ए आर ए

प्रेषित

(भावी दत्तक माता-पिता)

ईमेल: ______________

प्रतिलिपि

आरपीओ______________

ईमेल: _____________

अनुवर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए माता-पिता द्वारा वचनबद्धता।

मैं या हम, दत्तक माता-पिता ______________________ _____________ अभिहित पोर्टल पर पंजीकरण संख्या के रूप में ___________ है ने ___________को विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण_________ से बालक___________ (बालक या बालकों का नाम) को दत्तक लिया है, मैं घोषणा करता हूं कि, मैं या हम अपने कुटुंब के साथ यात्रा करने के लिए ___________ से __________ तक की समयावधि के लिए ___________ यात्रा कर रहे हैं।

यह घोषित किया जाता है कि भारतीय राजनयिक मिशन (संबंधित आईडीएम का पता) या प्राधिकरण ___________ द्वारा पहचाने गए व्यावसयिक सामाजिक कार्यकर्ता के माध्यम से दत्तक ग्रहण के बाद आतिशेष प्राप्त करने का भार हमारा होगा।

(दत्तक पिता) (दत्तक माता)

तारीख_______

*****

अनुसूची 18

[विनियम 2 (25), 8 (2), 36(9), 37, 51(4) देखें]

दत्तक ग्रहण के प्रयोजन के लिए विशेष आवश्यकता वाले बालकों का वर्गीकरण [दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और अनुसूची- 3 के भाग ड़के अनुसार उपबंधित की गई अनुसूची के अनुसार माना जाएगा]

1. शारीरिक दिव्यांगता

(अ) **गतिविषयक् दिव्यांगता** सुनिश्चित गतिविधियों को करने में किसी व्यक्ति की असमर्थता जो स्वयं और वस्तुओं की गतिशीलता से सहबद्ध है जिसका परिणाम पेशीकंकाल और तंत्रिका प्रणाली या दोनों में पीड़ा है, जिसके अंतर्गत-

(क) “कुष्ठ रोगमुक्त व्यक्ति” से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो कष्ठ से रोगमुक्त हो गया है किन्तु निम्नलिखित से पीड़ित है-

हाथ या पैरों में सुग्राहीकरण [redacted]
घात किंतु व्यक्त विरूपता नहीं है;

व्यक्त विरूपता और आंशिक [redacted]
व्यावसायिक क्रियाकलापों में लगे रहने के लिए सक्षम है।;

अत्यंत शारीरिक विरूपता के [redacted]
“कृष्ठ रोगमुक्त व्यक्ति” पद का तदृनुसार अर्थ लगाया जाएगा;

(ख) “प्रमस्तिष्क घात” से कोई गैर-प्रगामी तन्त्रिका स्थिति का समूह अभिप्रेत है जो शरीर के संचलन को और पेशियों के समन्वयन को प्रभावित करती है, जो मस्तिष्क के एक या अधिक विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में क्षति के कारण उत्पन्न होता है जो साधारणतः जन्म से पूर्व, जन्म के तुरंत पश्चात् होता है;

(ग) “बौनापन” से कोई चिकित्सय या आनुवांशिक दशा अभिप्रेत है जिसके परिणास्वरूप किसी वयस्क व्यक्ति की लंबाई चार फीट दस इंच (147 से0मी0) या उससे कम रह जाती है;

(घ) “पेशीयदुष्पोषण” से वंशानुगत, आनुवांशिक पेशी रोग का समूह अभिप्रेत है जो मानव शरीर को संचलित करने वाली पेशियों को कमजोर कर देता है और बहुदुष्पोषण के रोगी व्यक्तियों के जीन में वह सूचना अशुद्ध होती है या नहीं होती है जो उन्हें उस प्रोटीन को बनाने से निवारित करती है, जिसकी उन्हें स्वस्थ पेशियों के लिए

आवश्यकता होती है, इसकी विशेषता प्रगामी कंकाल पेशी की कमजोरी, पेशी प्रोटीनों में त्रुटि और पेशी कोशिकाओं और टिशुओं की मृत्यु है;

(ड़) “तेजाबी आक्रमण पीड़ित” से तेजाब या समान संक्षारित पदार्थ को फेंककर किए गए हिंसक हमले के कारण विद्रूपित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(आ) दि्ष्टगत ह्रास

(क) “अंधता” से ऐसी दशा अभिप्रेत है जिसमें सर्वोतम सुधार के पश्चात् व्यक्ति में निम्नलिखित स्थितियों में से कोई एक स्थिति विघमान होती है, -

(i) दृष्टि का पूर्णतया अभाव या; या

(ii) सर्वाधिक संभव सुधार के साथ बेहतर आंख में दृष्टि सुतीक्षणता 3/60 से कम, या 10/200 (स्नेलन)से कम या; या

(iii) 10 डिग्री से कम के किसी कोण पर कक्षांतरित दृश्य क्षेत्र की परिसीमा;

(ख) “निम्न दृष्टि” से ऐसी स्थिति अभिप्रेत है जिसमें व्यक्ति की निम्नलिखित में से कोई एक स्थिति होती है, अर्थात्: -

(i) बेहतर ओख में सर्वाधिक संभव सुधार के साथ 6/18 से अनधिक या 20/60 से कम से 3/60 तक या 10/200 (स्नेलन) तक दृश्य सुतीक्षणता; या

(ii) 40 डिग्री से कम से 10 डिग्री तक की कक्षांतरित दृष्टि की क्षेत्र परिसीमा;

(इ). श्रवण शक्ति का ह्रास-

(क) “बधिर” से दोनों कानों में संवाद आवृत्तियों में 70 डेसिबिल श्रव्य ह्रास वाले व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ख) "ऊँचा” सुनने वाला व्यक्ति से दोनों कानों से संवाद आवृत्तियों में 60 डेसिबिल से 70 डेसिबिल श्रव्य ह्रास वाला व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ई). **“वाक् भाषा दिव्यांगता”** से लेराइनजेक्टोमी या अफेलिया जैसी स्थितियों से उद्‌भूत दिव्यांगता अभिप्रेत है जो कार्बनिक या तंत्रिका संबंधी कारणों के कारण वाक् और भाषा के एक या अधिक संघटकों को प्रभावित करती है।

2. “बौद्धिक दिव्यांगता” से एसी स्थिति, जिसकी विशेषता बौद्धिक कार्य (तार्किक, शिक्षण, समस्या, समाधान) और अनुकूलित व्यवहार, दोनों में महत्वपूर्ण कमी होना है, जिसके अंतर्गत दैनिक सामाजिक और व्यवहार्य कोषलों की रेंज है, जिसके अंतर्गत-

(क) **विनिर्दिष्ट विघा दिव्यांगताओं**” से स्थितियों का एक ऐसा विजातीय समूह अभिप्रेत है जिसमें भाषा को बोलने या लिखने की प्रक्रिया द्वारा आलेखन करने की कमी विघमान होती है जो समझने, बोलने पढ़ने, लिखने, अर्थ निकालने या गणितीय गणना करने में कमी के रूप में सामने आती है और इसके अंतर्गत बोधक दिव्यांगता डायसेलेक्सिया, डायसग्राफिया, डायसकेलकुलिया, डायसप्रेसिया और विकासात्मक अफेसिया जैसी स्थितियां भी है;

(ख) **स्वपरायणता स्पैक्ट्रस विकार**“से एक ऐसी तंत्रिका विकास की स्थिति अभिप्रेत है जो विशिष्ट: जीवन के पहले तीन वर्ष में उत्पन्न होती है, जो व्यक्ति की संपर्क करने की, संबंधों को समझने की और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता को अत्यधिक प्रभावित करती है और आमतौर पर यह अप्रायिक या घिसे-पिटे कर्मकाडों या व्यवहार से सहबद्ध होता है।

3. मानसिक व्यवहार

“मानसिक रूग्णता” से चिंतन, मनोदशा, बोध, अभिसंस्करण या स्मरण मनोदशक्ति का अत्यधिक विकार अभिप्रेत है जो जीवन की साधारण आवश्यकताओं को पूरा करने के कलए समग्र रूप् से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता की पहचान करने

करने की क्षमता या योग्यता को प्रभावित करता है किंतु जिसके अंतर्गत मानसिक मंदता नहीं है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास रूकने या अपूर्ण होने की स्थिति है, विशेषकर कर जिसकी विशिष्टता बुद्धिमता का सामान्य से कम होना है।

(क) निम्नलिखित के कारण दिव्यांगता चिरकारी तंत्रिका दशाएं जैसे-

(i) "ब्हु-स्केलेरोसिक" से प्रवाहक, तंत्रिका प्रणाली रोग अभिप्रत है जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिक कोशिकाओं के अक्ष तंतुओं के चारों ओर रीढ़ की हड्डी की मायलिन सीथ क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे डिमायीलिशन होता है और मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं और रीढ़ की हड्डी की कोशिकाओं की एक-दूसरें के साथ संपर्क करने की क्षमता प्रभावित होती है;

(ii) "पार्किंसंस रोग" से कोई तंत्रिका प्रणाली का प्रगामी रोग अभिप्रेत है, जो कम्प, पेशी कठोरता और धीमा, कठिन संचलन द्वारा चिह्नकिंत होता है जो मुख्यतया मस्तिष्क के आधारीय गंडिका के अघपतन तथा तंत्रिका संचलन डोपामई के ह्रास से संबद्ध मध्य आयु और वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित करता है

(ख) रक्त विकृति-

(i) हेमाफीलिया" से एक आनुवंशकीय रोग अभिप्रेत है जो प्रायःपुरूषों को ही प्रभावित करता है किंतु इसे स्त्री द्वारा अपने नर बालकों को संचारित किया जाता है, इसकी विशेषता रक्त के थक्का जमने की साधारण क्षमता का नुकसान होना है जिससे छोटे से घाव का परिणाम भी घातक रक्तस्त्राव हो सकता है;

(ii) "थेलेसीमिया से वंशानुगत विकृतियों का एक समूह अभिप्रेत है जिसकी विशेषता हिमोग्लोबिन की कमी या अभाव है;

(iii) "सिक्कल कोशिका रोग" से होमोलेटिक विकृति अभिप्रेत है रक्त की अत्यंत कमी, पीड़ादायक घटनाओं और जो सहबद्ध टिशुओं और अंगों को नुकसान से विभिन्न जटिलताओं में परिलक्षित होता है, हेमोलेटिक लाल रक्त कोशिकाओ की कोशिका झिल्ली के नुकसान को निर्दिष्ट करता है जिसका परिणाम हिमोग्लोबिन का निकलना होता है।

4. बहुदिव्यांगता (उपर्युक्त एक या एक से अधिक विनिर्दिष्ट दिव्यांगताएं) जिसके अंतर्गत बधिरता, अधंता, जिससे कोई ऐसी दशा जिसमें किसी व्यक्ति के श्रव्य और दृश्य के सम्मिलित ह्रास के कारण गंभीर संप्रेषण, विकास और शिक्षण संबंधी गंभीर दशाएँ अभिप्रेत है।

5. कोई अन्य प्रवर्ग जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाएं।

6. अनुसूची 3 (भाग ड़) को घ्यान में रखते हुए जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की जाने वाली संबधित बालक की विशेष आवश्यकताओं की सटीक प्रकृति।

अनुसूची 19

[विनियम 54(2) देखें]

देश के भीतर नातेदार द्वारा दत्तकग्रहण के प्रयोजनार्थ सहमति

क. मैंने/ हमने, अधोहस्ताक्षरी ने, आगे दर्शाए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे या हमें अपनी सहमति के प्रभावों की जानकारी है और मैं या हम बिना किसी प्रपीड़न या धमकी के और किसी भी प्रकार का कोई भुगतान या प्रतिकर प्राप्त किए बिना इस कथन को कह रहे हैं।

जैविक पिता	जैविक माता
परिवारिक नाम:	परिवारिक नाम: ....
प्रथम नाम:	प्रथम नाम: ....
जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )	जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )
स्थायी पता:	स्थायी पता: ....

मैं/हम

(i) एतद्द्वारा बालक से अपना विधिक संबंध समाप्त करता हूँ /करती हूँ /करते हैं।

(ii) यह समझता हूँ /समझती हूँ /समझते हैं कि इस दत्तकग्रहण से इस बालक का दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता के साथ माता-पिता और बालक का स्थायी संबंध स्थापित हो जाएगा।

(iii) यह प्रमाणित करता हूँ /करती हूँ /करते हैं कि बालक ने उक्त दत्तकग्रहण के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और हमारे संबंधी को दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता के रूप में स्वीकार करने को इच्छुक है (जहां कहीं लागू हो)।

(iv) यह प्रमाणित करता/करती हूँ /करते हैं कि हमारी यह सहमति भुगतान या किसी भी प्रकार के प्रतिकर से प्रेरित नहीं है।

(v) अपने बालक या बालकों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2 (52) की परिभाषा के अधीन आने वाले अपने नातेदार को दत्तकग्रहण में देने के लिए सहमत हूँ/सहमत हैं।

बालक का कुटुम्ब नाम: …………....

प्रथम नाम: ....

लिंग: पुरुष [ ] स्त्री [ ] अन्य [ ]

जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )

जन्म स्थान: ....

पता: ....

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ /करती हूं/करते हैं कि मैंने/हमने उपर्युक्त कथनों को पूर्ण रूप से समझ लिया है।

................में ………………… को हस्ताक्षरित

(जैविक माता-पिता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान)

जैविक पिता **जैविक माता**

टिप्पण: यदि जैविक माता/पिता जीवित नहीं है, जैविक माता-पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न करें।

ख. यदि बालक ने पांच वर्ष की आयु पूरी कर ली हो तो उस बालक की सहमति

जैविक माता-पिता के प्रतिहस्ताक्षर

ग. बालक या बालकों का दत्तक ग्रहण करने वाले भावी दत्तक माता या पिता (माता-पिता)

दत्तकग्रहण करने वाला पिता	**दत्तकग्रहण करने वाली माता**
परिवारिक नाम:	परिवारिक नाम: ....
प्रथम नाम:	प्रथम नाम: ....
जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )	जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )
स्थायी पता:	स्थायी पता: ....
बालक के साथ दत्तकग्रहण से पहले संबंध:	बालक के साथ दत्तकग्रहण से पहले संबंध:

मैं या हम, अधोहस्ताक्षरी:

(i) ऊपर क पर उल्लिखित बालक या बालकों का दत्तकग्रहण करने के लिए मेरी या हमारी स्वेच्छा से मेरी या हमारी सहमति देता हूँ / देती हूँ या देते हैं।यह समझता हूँ /समझती हूँ /समझते हैं कि इस दत्तकग्रहण से इस बालक का दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता के साथ माता-पिता और बालक का स्थायी ऑर विधिक संबंध स्थापित हो जाएगा।

(iii) मैं या हम यह घोषणा करता हूँ / करती हूँ / करते हैं कि मैंने या हमने उपरोक्त कथनों को पूर्ण रूप से समझ लिया है।

…………… में …………………….. को हस्ताक्षरित

(दत्तक ग्रहण करने वाले भावी दत्तक माता या पिता (माता-पिता) के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान)

दत्तकग्रहण करने वाला पिता **दत्तकग्रहण करने वाली माता**

जैविक माता-पिता का फोटो	दत्तक माता-पिता का फोटो

घ. साक्षियों द्वारा घोषणा

मैं या हम, अधोहस्ताक्षरी, उपर्युक्त प्रक्रिया के साक्षी हैं।

(क) पहचान के साक्ष्य के साथ प्रथम साक्षी के हस्ताक्षर, नाम ऑर पता

(ख) पहचान के साक्ष्य के साथ दूसरे साक्षी के हस्ताक्षर, नाम ऑर पता

………………… में ....को हस्ताक्षरित

(जिस बालक/जिन बालकों का दत्तकग्रहण किया जाना हो, उस बालक/उन बालकों, जैविक माता-पिता/संरक्षकों और साक्षियों के फोटो सामने चिपकाए जाने और सत्यापित किए जाने अपेक्षित हैं।)

ङ. बाल कल्याण समिति का प्रमाणन

उपर्युक्त सम्मतियों और परिवारिक वृक्ष सहित समर्थित दस्तावेजों के आधार पर, बालक कल्याण समिति .... (जिले का नाम) विधिवत इस मामले को नातेदार द्वारा दत्तकग्रहण का मामला होने की पुष्टि करती है।

.... में ....को हस्ताक्षरित

बाल कल्याण समिति की मुहर

बाल कल्याण समिति के तीन सदस्यों के हस्ताक्षर

अनुसूची 20

[विनियम 7(22), 55(2) और 55(9) देखें]

किसी एक जैविक माता-पिता और सौतेले माता-पिता द्वारा बालक या बालकों के दत्तकग्रहण के लिए बाल कल्याण समिति की अनुमति प्राप्त करने के लिए जैविक माता या पिता के साथ-साथ सौतेले माता या पिता की सहमति

क. मैं या हम, अधोहस्ताक्षरी:

जैविक पिता	जैविक माता
परिवारिक नाम:	परिवारिक नाम: ....
प्रथम नाम:	प्रथम नाम: ....
जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )	जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )
स्थायी पता:	स्थायी पता: ....

(i) मेरे या अपने बालक या बालकों (नाम, लिंग, जन्म की तारीख)…………………….. से मेरा या अपना नैसर्गिक संबंध समाप्त या अभ्यर्पित करता हूँ /करती हूँ या करते हैं।

(ii) यह समझता हूँ /समझती हूँ/समझते हैं कि इस दत्तकग्रहण से इस बालक का दत्तकग्रहण करने वाले सौतेले माता या पिता और जैविक माता या पिता के साथ माता/पिता और बालक का स्थायी ऑर विधिक संबंध स्थापित हो जाएगा।

(iii) यह प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि बालक या बालकों ने उक्त दत्तकग्रहण के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और दत्तकग्रहण करने वाले सौतेले माता/पिता को माता या पिता के रूप में स्वीकार करने का/की/के इच्छुक हूँ/हैं। (जहां कहीं लागू न हों, काट दें)

(iv) यह प्रमाणित करता हूँ /करती हूँ/करते हैं कि मेरी या हमारी उक्त सहमति स्वतंत्र रूप से दी गई है और किसी भी प्रकार के भुगतान या प्रतिकर से प्रेरित नहीं है।

(v) यह घोषणा करता हूँ /करती हूँ/करते हैं कि मैंने या हमने उपर्युक्त कथनों को पूर्ण रूप से समझ लिया है।

.... में ………………… को हस्ताक्षरित

(जैविक माता-पिता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान)

जैविक पिता जैविक माता

ख. बाल कल्याण समिति के समक्ष क(i) पर उल्लिखित बालक या बालकों की सहमति, यदि उसने पांच वर्ष की आयु पूरी कर ली है।

जैविक माता-पिता के प्रति हस्ताक्षर

ग. बालक या बालकों का दत्तकग्रहण करने वाला सौतेले माता/पिता और जैविक माता या पिता

परिवारिक नाम: ....

प्रथम नाम: ....

जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( )

स्थायी पता: ....

हम, अधोहस्ताक्षरी

(i) ऊपर क(i) पर उल्लिखित बालक या बालकों का दत्तकग्रहण करने के लिए स्वतंत्र रूप से अपनी सहमति देता / देती हूँ या देते हैं।

(ii) यह समझता/समझती हूँ कि इस दत्तकग्रहण से बालक या बालकों का मेरे या हमारे साथ इस संबंध से जुड़े सभी अधिकारों और कर्तव्यों के साथ स्थायी माता/पिता-बालक का स्थायी संबंध स्थापित हो जाएगा।

(iii) यह घोषणा करता/करती हूँ या करते हैं कि मैंने या हमने उपर्युक्त कथनों को पूर्ण रूप से समझ लिया है।

…………… में ……………… को हस्ताक्षरित

(सौतेले माता/पिता और जैविक माता-पिता के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान)

सौतेले माता/पिता जैविक माता-पिता

घ. साक्षियों द्वारा घोषणा

मैं या हम, अधोहस्ताक्षरी, उपर्युक्त प्रक्रिया के साक्षी हैं।

(क) पहचान के साक्ष्य के साथ प्रथम साक्षी के हस्ताक्षर, नाम ऑर पता

(ख) पहचान के साक्ष्य के साथ दूसरे साक्षी के हस्ताक्षर, नाम ऑर पता

………………… में............... को हस्ताक्षरित

टिप्पण:

(i) यदि जैविक माता या पिता जीवित नहीं है, उनका / उसका मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न करें।

(ii) जिस बालक/जिन बालकों का दत्तकग्रहण किया जाना हो, उस बालक/उन बालकों, जैविक माता-पिता, बालक या बालकों का दत्तकग्रहण वाले पति/पत्नी और गवाहों के प्ररूप प्रपत्र में सामने चिपकाए जाने और सत्यापित किए जाने अपेक्षित हैं।

(iii) यदि पति-पत्नी दोनों द्वारा अपने-अपने पूर्व के विवाह से बालकों का त्याग/अभ्यपर्ण किया जा रहा है, तो अलग-अलग सहमति पत्र भरा जाएगा।

(iv) केवल माता-पिता को ही बालक या बालको का पूर्ण संरक्षक अधिकार होगा।

जैविक माता-पिता का फोटो	बालक का फोटो	सौतेले माता-पिता का फोटो

ङ. बाल कल्याण समिति का प्रमाणपत्र

उपर्युक्त सहमतियों और समर्थित दस्तावेज़ों के आधार पर बाल कल्याण समिति .... (जिले का नाम), जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दत्तकग्रहण आदेश जारी किए जाने के अध्यधीन, क(i)पर उल्लिखित बालक या बालकों को केवल --------------------------- (सौतेले माता या पिता) और .... (जैविक माता या पिता) द्वारा दत्तकग्रहण करने के लिए वैध रूप से स्वतंत्र घोषित करती है।

.... में................ को हस्ताक्षरित

बालक कल्याण समिति की मुहर बाल कल्याण समिति के तीन सदस्यों के हस्ताक्षर

अनुसूची 21

[विनियम 55(9), 57(1) और 68(5) देखें]

बालक और जैविक माता-पिता की पारिवारिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट

(जिला बालक संरक्षण इकाई के संबंधित अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर के साथ हस्ताक्षर किए जाएं)

घर के दौरे की तारीख:

जिला बालक संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि का नाम:

1. बालक का व्यक्तिगत ब्यौरा

1.1 बालक का पूरा नाम:

1.2 लिंगः पुरुष, स्त्री, अन्य

1.3 जन्म की तारीख (बालक का जन्म प्रमाणपत्र संलग्न किया जाए):

1.4 जन्म-स्थान:

1.5 धर्म:

1.6 बोली जाने वाली भाषा (यदि लागू हो):

1.7 कुटुंब में जन्म का क्रम:

1.8 वर्तमान शैक्षणिक स्थिति:

1.9 बालक का सामान्य व्यक्तित्व और वर्णन:

1.10 बालक की सामाजिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि:

2. बालक के जैविक माता-पिता या संरक्षक का ब्यौरा, जैसी भी स्थिति हो।

पिता/संरक्षक का ब्यौरा	माता/संरक्षक का ब्यौरा
जन्म की तारीख और आयु	जन्म की तारीख और आयु
धर्म	धर्म
राष्ट्रीयता	राष्ट्रीयता
वर्तमान और स्थायी पता	वर्तमान और स्थायी पता
शैक्षिक अर्हताएं	शैक्षिक अर्हताएं
वर्तमान व्यवसाय	वर्तमान व्यवसाय
कुल मासिक आय (साक्ष्य दिया जाए)	कुल मासिक आय (साक्ष्य दिया जाए)
क्या किसी रोग से पीड़ित हैं (यदि हां तो ब्यौरा दिया जाए)	क्या किसी रोग से पीड़ित हैं (यदि हां तो ब्यौरा दिया जाए)

3. जैविक माता-पिता/संरक्षक के साथ रह रहे परिवार के अन्य सदस्यों का ब्यौरा (अन्य व्यक्ति जो घर में या घर से बाहर रहते हैं)

पूरा नाम	आयु/लिंग	व्यवसाय का ब्यौरा	वैवाहिक स्थिति	बालक से संबंध

4. प्रस्तावित दत्तकग्रहण के विषय में कुटम्ब के प्रत्येक सदस्य के विचार:

5. जैविक कुटुंब और दत्तकग्रहण करने वाले परिवार के बीच संबंध (कृपया परिवारिक वृक्ष संलग्न करें)

6. जिला बालक संरक्षण इकाई की टिप्पणियां:

[जिला बालक संरक्षण इकाई को जैविक माता-पिता को दत्तकग्रहण के प्रभावों के विषय में परामर्श प्रदान करना अपेक्षित है, और किसी बालक के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव करने के कारण बताने हैं। इसके अतिरिक्त, जिला बालक संरक्षण इकाई को यह उल्लेख करना है कि क्या दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता ने बालक से विचार-विमर्श किया है, यदि हां तो कब, तथा दत्तकग्रहण के कारण या उद्देश्य क्या हैं। जिला बालक संरक्षण इकाई जैविक परिवार के घर का वर्णन भी करे तथा यह भी बताए कि क्या बालक या बालकों के माता-पिता भावी दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता के संपर्क में हैं, रहने के स्थान तथा दत्तकग्रहण करने वाले कुटुंब के साथ बालक का फोटो इत्यादि भी प्रस्तुत करें।]

जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा निम्नलिखित ब्यौरे प्रस्तुत किए जाएं:

क) क्या बालक देश की विधि के अनुसार दत्तकग्रहण के योग्य है और विशेष रूप से दत्तकग्रहण का/के क्या कारण है/हैं?

ख) क्या जैविक माता-पिता को दत्तकग्रहण के प्रभावों के बारे में परामर्श दिया गया है कि दत्तकग्रहण के परिणामस्वरूप बालक और उनके मूल परिवार के बीच विधिक संबंध समाप्त हो जाएंगे?

ग) अपेक्षित विधिक प्ररूप में जैविक माता-पिता की सहमति इस तथ्य का उल्लेख करते हुए कि यह किसी भी प्रकार के भुगतान या प्रतिकर से प्रेरित नहीं है।

घ) क्या दत्तकग्रहण के प्रभावों के बारे में बालक को पूर्ण रूप से परामर्श दिया गया है?

(पांच वर्ष से कम आयु के बालक के मामले में लागू नहीं)

ङ) बालक को परामर्श किसने प्रदान किया है?

माता-पिता या संरक्षक या बाल कल्याण समिति या सामाजिक कार्यकर्ता या परामर्शदाता या शिक्षक या चाचा या चाची / ताई/ ताया/ माया/ मामी / भाई-बहन / दादा-दादी / कोई अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

च) अपेक्षित विधिक प्ररूप में बालक की सहमति, यदि वह पांच वर्ष से अधिक आयु का है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि बालक को बिना किसी प्रलोभन के परामर्श दिया गया है और वह दत्तकग्रहण के प्रभावों से पूरी तरह से अवगत है।

छ) दिव्यांगता या विशेष आवश्यकता (यदि कोई हो तो चिकित्सा जांच रिपोर्ट में दर्शाई जाए)

ज) क्या बालक को दत्तकग्रहण के कारण माता-पिता-बालक के संबंध की विधिक रूप से समाप्ति के बारे में पता है? (यदि बालक की आयु पांच वर्ष से कम है, तो लागू नहीं है)

झ) बालक को देश के भीतर दत्तकग्रहण के लिए स्थानन न करने का कारण क्या हैं, [यदि लागू हो]

ञ) बालक को जैविक कुटुम्ब से अलग करने का औचित्य। (न्यूनतम 100 शब्दों में) [यदि लागू हो]

7. क्या परिकल्पित स्थानन बालक के सर्वोत्तम हित में है:

जिला बालक संरक्षण अधिकारी का नाम

जिला बालक संरक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर/तारीख सहित

रिपोर्ट के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

क) जैविक माता-पिता से संबंधित दस्तावेज:

1. जैविक कुटुम्ब या संरक्षक के निवास का साक्ष्य
2. जैविक कुटुम्ब या संरक्षक के जन्म की तारीख का साक्ष्य
3. यदि जैविक माता-पिता को कोई बीमारी है, तो चिकित्सा प्रमाणपत्र
4. जैविक माता-पिता की सहमति को दर्शाने वाला शपथपत्र

ख. बालक से संबंधित दस्तावेज

1. बालक के जन्म की तारीख का साक्ष्य
2. दत्तकग्रहण किए जाने वाले बालक की चिकित्सा जांच रिपोर्ट
3. यदि बालक की आयु पांच वर्ष से अधिक है, तो दत्तकग्राही बालक की सहमति को दर्शाने वाला शपथपत्र
4. जैविक माता-पिता के साथ बालक का फोटो
5. दत्तकग्राही के साथ बालक का फोटो

अनुसूची 22

[विनियम 54(2) देखें]

बालक के रिश्तेदार द्वारा उसको दत्तकग्रहण में लेने के लिए उसके अविभावक द्वारा दी गई सहमति पर बाल कल्याण समिति की अनुमति (जहां जैविक माता-पिता जीवित न हों या सहमति प्रदान करने में सक्षम न हों)

अ. मैं या हम, अधोहस्ताक्षरी, बाल कल्याण समिति (जिला-------------) के समक्ष निम्नलिखित घोषणा करता हूँ /करती हूँ/करते हैं:

पुरुष संरक्षक	**स्त्री संरक्षक**
नाम	नाम ....
उप नाम	उप नाम ....
पिता का नाम	पिता का नाम ....
जन्म की तारीख: दिन ( ) माह ( ) वर्ष ( )	जन्म की तारीख: दिन ( ) माह ( ) वर्ष ( )
स्थायी पता:	स्थायी पता: ....
वर्तमान पता:	वर्तमान पता: ....

घोषणा करता हूँ /करती हूँ / करते हैं कि:

जो बालक (नाम) .... (उपनाम) ....- लिंग: लड़का ( ) लड़की ( ), अन्य ( ) जन्म की तारीख: तारीख ( ) माह ( ) वर्ष ( ), जन्म स्थान ...., सुपुत्री/सुपुत्र ...., स्थायी निवासी …………………………….. और वर्तमान में ………………………….. पते पर रहा / रही है, वह बालक अपने माता-पिता (दोनों) की मृत्यु हो जाने के कारण मेरी या हमारी अभिरक्षा में है। ऊपर वर्णित बालक या बालकों के नैसर्गिक माता-पिता मेरे या हमारे ____ है/हैं (कृपया संबंध विनिर्दिष्ट करें और समर्थन में दस्तावेजों के साक्ष्य संलग्न करें)।

मैं या हम

(i) ………………….. नामक बालक को दत्तकग्रहण के लिए मेरे या हमारे संबंधी को अभ्यर्पित किए जाने के लिए सहमति प्रदान करता/करती हूँ या करते हैं।

(ii) उक्त बालक या बालकों के साथ संरक्षक-प्रतिपाल्य का विधिक संबंध समाप्त करता हूँ /करती हूँ या करते हैं।

(iii) यह समझता/समझती हूँ या समझते हैं कि उक्त बालक का दत्तकग्रहण भारत या विदेश में रह रहे उनके संबंधी द्वारा किया जाएगा।

(iv) यह समझता हूँ/समझती हूँ अथवा समझते हैं कि इस बालक के दत्तकग्रहण से उसका दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता के साथ स्थायी माता – पिता बालक का संबंध स्थापित हो जाएगा।

(v) मेरा या हमारा बालक पर कोई अधिकार नहीं होगा।

(vi) मै या हम यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ या करते हैं कि मैंने अथवा हमने उपर्युक्त कथनों को ध्यानपूर्वक समझ लिया है।

(vii) मेरी या हमारी अपनी सहमति के प्रभावों की जानकारी है।

(viii) बिना किसी प्रपीड़न या धमकी के और किसी भी प्रकार किसी संदाय या प्रतिकर प्राप्त किए बिना यह कथन पर हस्ताक्षर कर रहा हूँ/रही हूँ /रहे हैं।

.............को ……………. में हस्ताक्षरित

[संरक्षक/संरक्षकों के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान]

ख. बालक का दत्तकग्रहण कर रहे बालक के रिश्तेदार की स्वीकृति:

दत्तक ग्राही पिता	**दत्तक ग्राही माता**
कुटुम्ब नाम:	कुटुम्ब नाम: ....
पहला नाम:	पहला नाम: ....
जन्म की तारीख: दिन ( ) माह ( ) वर्ष ( )	जन्म की तारीख: दिन ( ) माह ( ) वर्ष ( )
स्थायी पता:	स्थायी पता: ....

मैं या हम

(i) यह स्वीकार करता हूँ/ करती हूँ / करते हैं और समझता हूँ/ समझती हूँ अथवा समझते हैं कि इस बालक का दत्तकग्रहण हमारे साथ माता-पिता-बालक का स्थायी संबंध सृजित करेगा।

(ii) प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ अथवा करते हैं कि सहमति किसी भी प्रकार के संदाय या प्रतिकर से प्रेरित नहीं है।

(iii) यह घोषणा करता हूँ / करती हूँ/करते हैं कि मैंने या हमने उपरोक्त कथन को पूर्णरूप से समझ लिया है।

................को ……………. में हस्ताक्षरित

[दत्तक ग्राही माता-पिता के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान]

दत्तक ग्राही पिता **दत्तक ग्राही माता**

ग. साक्षियों द्वारा घोषणा

मैं या हम, अधोहस्ताक्षरी **साक्षियों**, बालक या बालकों के संरक्षक को भली भांति जानता/जानती हूँ या जानते हैं और सहमति/अभ्यर्पण के उपर्युक्त कथन का / की / के साक्षी हूँ या हैं।

(क) पहला साक्षी के हस्ताक्षर, नाम व पता

(ख) दूसरे साक्षी के हस्ताक्षर, नाम व पता

संरक्षक का फोटो	बालक का फोटो	भावी दत्तक ग्राही माता-पिता का फोटो

घ. बाल कल्याण समिति का प्रमाणन

नामः ....

पदनामः ....

बाल कल्याण समिति .... (जिले का नाम), यह प्रमाणित करती है कि उपरोक्त नामित व्यक्ति और साक्षी (यों) समिति के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित हुए तथा हमारी उपस्थिति में इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं।

..............को ………………………. में हस्ताक्षरित

बाल कल्याण समिति के हस्ताक्षर और मुहर

अनुसूची 23

[विनियम 13(10) देखें]

बालक के दत्तकग्रहण के समर्थन में जिला मजिस्ट्रेट को विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के मुख्य कार्यकारी / प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला शपथपत्र

1. …………… में स्थित ………………….. में ………………… के रूप में कार्यरत …………………….. का शपथपत्र।

2. मैं नियमानुसार सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञान करता हूं /करती हूं किः

(क) …………………….बालक (नाम, लिंग और जन्म की तारीख) के ब्यौरों की प्रविष्टि अभिहित पोर्टल पर कर दी गई है। बालक को अभिहित पोर्टल के माध्यम से दी गई विशिष्ट रजिस्ट्रीकरण संख्या ___ _ है।

(ख) बाल कल्याण समिति ___(जिले का नाम) ने …………… (तारीख) को बालक को दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित किया है।

(ग) कि बालक का ब्यौरा अभिहित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन चाइल्ड अभिनिर्देशन प्रणाली में प्रतीक्षारत भावी दत्तक ग्राही माता-पिता को निर्दिष्ट किया गया और बालक को मौजूदा भावी दत्तक ग्राही माता-पिता (रजिस्ट्रीकरण संख्या और नाम) _____ ने दत्तकग्रहण विनियमों के पैरा संख्या ……………….. द्वारा यथा उपबंधित प्रक्रिया के अनुसार स्वीकार कर लिया है।

(घ) ……………………………. द्वारा तैयार की गई भावी दत्तक ग्राही माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट उपयुक्त पाई गई है।

(ङ) दत्तकग्रहण विनियमों के पैरा संख्या _______ के अधीन गठित दत्तकग्रहण समिति ने प्रस्तावित दत्तकग्रहण के पक्ष में विनिश्चय किया है और तदनुसार ………………. जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में दत्तकग्रहण आवेदन दायर किया जा रहा है।

या

केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित अंतरदेशीय दत्तकग्रहण के लिए ………………… तारीख को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है (जो भी लागू न हो, उसे काट दें)

(च) इस मामले में अपनाई गई दत्तकग्रहण प्रक्रिया किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा ……………… और दत्तकग्रहण विनियमों के पैरा ___ का अनुपालन करती है।

(छ) हमारे संगठन को …………… राज्य सरकार द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण .... संख्या के रूप में कार्य करने के लिए मान्यता दी गई है , जो …………… तारीख से ……… तक मान्य है।

(ज) विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण ने केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा यथा निर्धारित मात्र ………………….. रूपये का दत्तकग्रहण शुल्क प्राप्त किया है।

(झ) मैं अपनी यह वचनबद्धता व्यक्त करता / करती हूं कि मैं दत्तकग्रहण प्रक्रिया के दौरान या यह प्रक्रिया संपन्न हो जाने के बाद दत्तक-ग्राही माता-पिता या उनके संबंधियों से या उनकी प्रायोजक अभिकरणो के माध्यम से किसी भी रूप में कोई दान प्राप्त नहीं करूंगा/करूंगी।

(ञ) उपर्युक्त तथ्य मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं और मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूं कि यदि उपर्युक्त तथ्य सत्य न पाए गए तो परिणामों के लिए मैं उत्तरदायी होऊंगा/होऊंगी।

सत्यापन

मैं …………………………., उपर्युक्त अभिसाक्षी एतत् द्वारा यह सत्यापित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त शपथपत्र में उल्लिखित तथ्य सत्य और सही हैं।

मुख्य कार्यकारी या

विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के

प्राधिकृत व्यक्ति का नाम तथा हस्ताक्षर

………………. पर सत्यापित, मेरी उपस्थिति में ………………….. को मेरे समक्ष शपथ ग्रहण की गई और हस्ताक्षर किए गए।

अनुसूची 24

[विनियम 54(4)]

देश के भीतर रिश्तेदार द्वारा दत्तकग्रहण की दशा में, विनियम 54 के उप-विनियम 4 के अनुसार अपनी वित्तीय और सामाजिक प्रास्थिति के समर्थन में भावी दत्तक – ग्राही माता-पिता का शपथपत्र

रिश्तेदार परिवार श्री_____ और श्रीमती _________ निवासी ________, से …….. बालक का दत्तकग्रहण करने के लिए श्री _______ और श्रीमती ___________ निवासी __________ का उनकी सामाजिक-आर्थिक और वित्तीय प्रास्थिति के विषय में शपथपत्र।

1. मैं या हम …………… वर्ष से …………………… में रह रहा/रही/रहे भारतीय नागरिक हूँ//है / हैं।

2. दत्तकग्रहण के लिए प्रस्तावित बालक मेरा ________ है, जो किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2(52) में यथा उपबंधित रिश्तेदारी के मानदंडों को पूरा करता है।

3. सभी स्रोतों से मेरी या हमारी कुल वार्षिक आय ______ रुपए है, जो कि जहाँ हम निवास करते है के स्थानीय मानकों के अनुसार हमारे परिवार में बालक का पालन-पोषण करने के लिए युक्तियुक्त है।

सत्यापन

मैं या हम ____, उपर्युक्त आवेदक, यह सत्यापित करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि उपर्युक्त शपथपत्र में उल्लिखित तथ्य सत्य और सही हैं।

आवेदक
(देश के भीतर दत्तकग्रहण की दशा में
भावी दत्तक-ग्राही माता-पिता)

-------- पर सत्यापित

मेरी उपस्थिति में …………………….. को मेरे समक्ष शपथ ग्रहण की गई और हस्ताक्षर किए गए।

*****

अनुसूची 25

[विनियम 54(6) और 55(5) देखें]

देश के भीतर रिश्तेदार या सौतेल माता-पिता द्वारा दत्तकग्रहण की दशा में पूर्व-अनुमोदन पत्र

तारीख:

प्रारूप 1 - पूर्व-अनुमोदन पत्र (रिश्तेदार द्वारा दत्तकग्रहण)

………………… नामक बालक ………….. लिंग (बालक या बालिका या अन्य) …………………. (जन्म तिथि) का उसके रिश्तेदारों ………………………… और ……………………….. (अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या) ………………तथा (रजिस्ट्रीकरण की तारीख) द्वारा दत्तकग्रहण की दिशा में पूर्व-अनुमोदन पत्र।

2. यह कि भावी दत्तक माता पिता, ………….. बालक (बालक या बालिका)……………. (जैविक माता पिता) का पुत्र या पुत्री, को गोद लेने के इच्छुक है और …………………………. (दत्तकग्राही माता और पिता)--------- ------- (बालक या बालकों के नाम) के --------------- (बालक अथवा बालकों के नाम के साथ नाता विनिर्दिष्ट करे) है और इसलिए किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2 की उपधारा (52) के अधीन दत्तकग्रहण के प्रयोजन के लिए एक ' रिश्तेदार' है।
3. यह कि भावी दत्तक माता-पिता ने दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 54(1) के उपबंधों के अनुसार दत्तक ग्रहण के लिए अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण कराया लिया है।
4. यह कि दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 54(2) के उपबंधों के अनुसार और दत्तकग्रहण विनियम, 2022 की **अनुसूची 19** या **22** में विहित प्रारूप में जैविक माता-पिता से सहमति पत्र या बाल कल्याण समिति की अनुमति अभिप्राप्त कर ली गई है।
5. यह कि दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 54 (4) के अधीन अपेक्षित अपनी सामाजिक और वित्तीय स्थिति की घोषणा करने वाले भावी दत्तक-ग्राही माता-पिता का शपथपत्र विहित प्रारूप, अर्थात दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 की **अनुसूची 24** के अनुसरण में प्रस्तुत किया गया है और जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा सम्यक रूप से सत्यापित किया गया है और संतोषजनक पाया गया है।

6. यह कि भावी दत्तक-ग्राही माता-पिता, दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 54(5) के अनुसार जिला बालक संरक्षण इकाई के माध्यम से संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से संपर्क कर सकते हैं, चूंकि उन्होंने देश के भीतर रिश्तेदार द्वारा दत्तकग्रहण करने के लिए, किशोर न्याय (बालक की देख-रेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।
7. यह कि संबंधित जिला मजिस्ट्रेट दत्तकग्रहण विनियम, 2022 की अनुसूची 30 में यथाउपबंधित आवेदन के आधार पर विनियम 36(3)(घ) के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश जारी कर सकता हैं।

प्राधिकृत अधिकारी (राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण)

प्रेषित:- भावी दत्तक-ग्राही माता-पिता, जिला बालक संरक्षण इकाई एवं केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण।

<u>प्रारूप 2 - पूर्व-अनुमोदन पत्र (सौतेले माता - पिता द्वारा दत्तकग्रहण)</u>

………………… बालक ………….. अन्य लिंग (बालक या बालिका या अन्य) …………………. (जन्म तिथि) का उसके सौतेले माता - पिता ………………………, ………………. (अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या) एवं ……………… रजिस्ट्रीकरण की तारीख-------- द्वारा दत्तकग्रहण के मामले में पूर्व-अनुमोदन पत्र।

2. यह कि जैविक माता - पिता---------- , और सौतेले पिता या सौतेली माता--------- ने------- (विवाह की तारीख) को विवाह किया।

3. यह कि सौतेले और जैविक माता-पिता ने दत्तकग्रहण विनियम, 2022 की अनुसूची 20 के अनुसार बालक कल्याण समिति से अनुमति अभिप्राप्त कर ली है।

4. यह कि सौतेले और जैविक माता-पिता ने अपेक्षित दस्तावेज अभिहित पोर्टल पर अपलोड कर दिए हैं।

5. यह कि जिला बालक संरक्षण इकाई ---------- (जिले का नाम) ने विनियम के अनुसार सत्यापन जांच का सम्पादन कर दिया है और उल्लेख किया है कि उसमें दी गई जानकारी और दस्तावेज सत्य और सही हैं।

6. यह कि दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 59(5) के अनुसार सौतेले और जैविक माता-पिता जिला बालक संरक्षण इकाई के कार्यालय के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट ---------- (जिले का नाम) से संपर्क कर सकते हैं।

7. यह कि संबंधित जिला मजिस्ट्रेट दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 की **अनुसूची 32** में यथाउपबंधित आवेदन के आधार पर विनियम 36 (3) (घ) के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश जारी कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी (राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण)

प्रेषित:- भावी दत्तक-ग्राही माता-पिता, जिला बालक संरक्षण इकाई एवं केन्द्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण।

अनुसूची 26

[विनियम 24(1) देखें]

विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के रूप में मान्यता के लिए किसी बालक देखरेख संस्था का आवेदन

1. संस्था के बारे में:

1.1 संस्था अथवा संगठन का नाम

1.2 सुसंगत अधिनियम के अधीन संस्था या संगठन की रजिस्ट्रीकरण संख्या और रजिस्ट्रीकरण की तारीख (रजिस्ट्रीकरण के सुसंगत दस्तावेज और उप-नियमों, संगम ज्ञापन संलग्न किए जाएं)

1.3 बालक देखरेख संस्था के रूप में संस्था या संगठन की रजिस्ट्रीकरण संख्या और रजिस्ट्रीकरण की तारीख (रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

1.4 बालक देखरेख संस्था के संचालन की विधिमान्यता की अवधि

1.5 आवेदक या संस्था या संगठन का पूरा पता

1.6 एसटीडी कोड या टेलिफोन नंबर

1.7 एसटीडी कोड फैक्स नंबर

1.8 ईमेल पता

1.9 यदि संगठन का स्वरूप अखिल भारतीय हो तो कृपया अन्य राज्यों में इसकी शाखाओं के पते दें

1.10 यदि पहले कभी बालक देखरेख संस्था को मान्यता प्रदान करने या विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के रूप में रजिस्ट्रीकरण से इनकार किया गया है?

हां या नहीं

यदि हां

(क) उस आवेदन की संदर्भ संख्या, जिसके परिणामस्वरूप बालक देखरेख संस्था के रूप में मान्यता प्रदान करने से इनकार किया गया:

(ख) इनकार करने की तारीख:

(ग) किस विभाग ने मान्यता प्रदान करने से इनकार किया है:

(घ) विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के रूप में मान्यता प्रदान करने से इनकार करने का कारण:

2. अवसंरचना:

2.1 कमरों की संख्या (माप का भी उल्लेख करें)

2.2 शौचालयों की संख्या (माप का भी उल्लेख करें)

2.3 रसोईघर की संख्या (माप का भी उल्लेख करें)

2.4 रोगी कक्षों की संख्या

2.5 भवन के ब्लू प्रिंट की प्रति (भवन का अधिप्रमाणितरेखा चित्र नक्शा संलग्न की जाए

2.6 अनपेक्षित आपदा से निपटने की व्यवस्था; की गई व्यवस्था के स्वरूप का भी उल्लेख करें:

(क) कीट नियंत्रण

(ख) अपशिष्ट निपटान

(ग) भंडारण क्षेत्र

(घ) अन्य कोई व्यवस्था

2.7 किराया करार या भवन रखरखाव प्राक्कलन (जो कोई भी लागू हो)

(किराया करार की प्रति संलग्न करें)

3 संस्था या संगठन की क्षमता

3.1 गृह में मौजूदा बालकों की संख्या

क) 0-5 वर्ष

ख) 5-11 वर्ष

ग) 11-18 वर्ष

4 बालकों के लिए उपलब्ध सुविधाएं

4.1 शैक्षणिक सुविधा

4.2 स्वास्थ्य जांच व्यवस्था, जांच की बारंबारता, किए जाने वाली प्रस्तावित जांचों का प्रकार

4.3 बालक के समग्र विकास को प्रभावित करने वाली अन्य कोई सुविधा

5 कर्मचारीवृंद

5.1 कर्मचारियों की विस्तृत सूची (संलग्न की जानी है)

5.2 साझेदार संगठनों के नाम

6 बालक देखरेख संस्था पृष्ठभूमि की जानकारी

6.1 पिछले दो वर्षो में संगठन के प्रमुख कार्यकलाप (पिछले दो वर्षो की वार्षिक रिपोर्ट की प्रति संलग्न करें)

6.2 प्रबंधन समिति या शासी निकाय के सदस्यों की अद्यतन सूची (दत्तकग्रहण अभिकरण चलाने के विनिश्चय के समर्थन में संस्था की कार्यकारिणी निकाय का संकल्प संलग्न करें)

6.3 संगठन की आस्तियो या अवसंरचना की सूची (संलग्न की जाए)

6.4 यदि संगठन विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976 (1976 का 19) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है या (प्रमाणपत्र संलग्न करें)

6.5 पिछले दो वर्षो में प्राप्त विदेशी अभिदायों का ब्यौरा (सुसंगत दस्तावेज संलग्न करें)

6.6 सहायतानुदान वित्तपोषण के अन्य स्रोतों की सूची (यदि कोई हो) के साथ योजना या परियोजना का नाम, प्रयोजन, रकम इत्यादि।

6.7 अभिकरण के विद्यमान बैंक खाते का ब्यौरा, जिसमें शाखा कोड और खाता संख्या उपदर्शित किए गए हों।

6.8 क्या संस्था प्रस्तावित अनुदान के लिए पृथक बैंक खाता खोलने के लिए सहमत है।

मैंने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) आदर्श नियम, 2022 को पढ़ और समझ लिया है।

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि इस संगठन से जुड़ा कोई भी व्यक्ति पूर्व में दोषी सिद्ध नहीं हुआ है या किसी अनैतिक कार्य अथवा बाल-शोषण या बाल श्रमिक को काम पर रखने में संलिप्त नहीं रहा है और न ही केंद्रीय या राज्य सरकार ने कभी भी इस संगठन को ब्लैकलिस्ट किया है।

…………………………. [संगठन अथवा संस्था का नाम) ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) नियम, 2022 के अधीन विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के रूप में रजिस्ट्रीकरण की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन किया है।

मैं अभिहित पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन आंकड़े अपलोड करने तथा इस प्रयोजनार्थ सुविधाएं स्थापित करने का वचन देताहूँ/देती हूँ।

मैं इस विषय में केंद्रीय/राज्य अधिनियम, नियम, दत्तकग्रहण विनियमों और अधिसूचनाओं द्वारा निर्धारित की जाने वाली सभी शर्तों को पूरा करने का वचन देताहूँ/देती हूँ।

मुख्य पदाधिकारी का नाम और हस्ताक्षर:……………………………

पदनाम:

पता:

जिला:

तारीख:

कार्यालय की मुहर:

हस्ताक्षर:

साक्षी संख्या 1:

साक्षी संख्या 2:

अनुसूची 27

[विनियम 11(4) देखें]

देश के भीतर दत्तकग्रहण के मामले में दत्तकग्रहण समिति के कार्यवृत्त का प्रारूप

विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम और पता:

1. केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित दत्तक ग्रहण विनियमों के विनियम 10 के उप-विनियम (4) के अनुसार दत्तक ग्रहण समिति के सदस्य निम्नलिखित हैं।

क्रम सं.	नाम	पदनाम
(1)		
(2)		
(3)		

[विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण - बालक देखरेख संस्था लिंकेज के माध्यम से दत्तकग्रहण के मामले में सदस्य दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 61(8) के अनुसार होंगे। समिति का कोरम विनियम 11(5) के अनुसार होगा।

2. समिति के अधोहस्ताक्षरी सदस्यों ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष दत्तकग्रहण आवेदन करने के लिए अपेक्षित सभी आवश्यक दस्तावेजों (सत्यापित/नोटरी से प्रमाणित) की जांच कर ली है, जो कि इस प्रकार हैं:
   1) वर्तमान परिवार का फोटो या बालक का दत्तकग्रहण करने वाले व्यक्ति का फोटो
   2) माता-पिता का पैन कार्ड
   3) माता-पिता के जन्म प्रमाणपत्र या जन्म की तारीख का प्रमाण (विवाहित दंपत्ति के मामले में दोनों आवेदकों के जन्म प्रमाणपत्र अपलोड करें)
   4) निवास का प्रमाण (आधार कार्ड या मतदाता कार्ड या पासपोर्ट या मौजूदा बिजली बिल या टेलिफोन बिल)
   5) पिछले वर्ष की आय का प्रमाण (सरकारी विभाग द्वारा जारी वेतन पर्ची अथवा आय प्रमाणपत्र अथवा आयकर विवरणी)
   6) किसी चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाणपत्र जिससे प्रमाणित होता है कि भावी दत्तक माता-पिता किसी चिरकालिक, संक्रामक या घातक रोग से ग्रस्त नहीं है और वे दत्तकग्रहण करने के लिए उपयुक्त हैं (विवाहित दंपत्ति के मामले में दोनों आवेदकों के चिकित्सा प्रमाणपत्र अपलोड करें)
   7) विवाह प्रमाण पत्र/विवाह –विच्छेद डिक्री/सक्षम अदालत से घोषणा या स्वीय विधि (पर्सनल लॉ) द्वारा शासित विवाह –विच्छेद के मामले में विवाह –विच्छेद से संबंधित शपथ पर शपथपत्र जहां विवाह –विच्छेद की डिक्री अनिवार्य नहीं है/ पति या पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र लागू हो।
   8) दत्तकग्रहण के समर्थन में परिचितों या रिश्तेदारों के दो संदर्भ पत्र।
   9) विवाह विच्छेद के बारे में विवाह-विच्छेद डिक्री अथवा सक्षम न्यायालय द्वारा घोषणा यदि विवाह विच्छेद स्वीविधि (पर्सनल लॉ) द्वारा अभिशासित है, जहां विवाह विच्छेद की डिक्री आवश्यक नहीं है, शपथ अथवा पति या पत्नी की मृत्यु का प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) की प्रति।
   10) परिवार में अधिक आयु के बालक अथवा बालकों की सहमति की प्रति।

3. दत्तकग्रहण समिति का विनिश्चय

(1) समिति ने यह विनिश्चय किया है कि भावी दत्तकग्रहण करने वाले माता-पिता.......................... जिनकी रजिस्ट्रीकरण संख्या .... है, को बालक…………. (जन्मतिथि) जिसकी रजिस्ट्रीकरण संख्या .... है, का दत्तकग्रहण करने के लिए उपयुक्त समझा गया है।

(2) यदि भावी दत्तक माता-पिता को उपयुक्त नहीं समझा गया तो उसके कारण:

(.................................) (.................................) (.................................)

सदस्य 1	सदस्य 2	सदस्य 3
(नाम और पदनाम)	(नाम और पदनाम)	(नाम और पदनाम)

अनुसूची 28

[धारा 56(1), 58,61 और विनियम 13(2) देखें]

अनाथ अथवा परित्यक्त अथवा अभ्यर्पित बालक /बालकों के मामले में देश के भीतर दत्तकग्रहण के लिए प्रस्तुत किए जाने वाला मॉडल आवेदन

[विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा-------- में जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष फाइल किया जाए]

1. आवेदन संख्या ____ / वर्ष
2. भावी दत्तक माता-पिता की अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या:
3. जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:
4. दत्तकग्रहण विनियम के विनियम 13(2) के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 58(3) के अधीन ……………………………… नामक बालक (लड़का या लड़की या अन्य), ………… (जन्मतिथि) के दत्तकग्रहण के मामले में आवेदन।

आवेदक (आवेदकगण)

1. भावी दत्तक माता-पिता की ओर से संबंधित विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम और पता:
2. यदि दत्तकग्रहण आवेदन एक लिंकेज मामले में फाइल किया जा रहा है, तो संबंधित बालक देखरेख संस्था का नाम और पता:

भावी दत्तक माता-पिता

श्री …………………….. सुपुत्र ………………………….., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय……………….. स्थायी निवास स्थान का पता ……………………………श्रीमती ……………………… पत्नी ………………………., आयु लगभग ……………. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ……………….., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

आवेदक जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष सविनय निवेदन करते है, जो इस प्रकार है:-

1. कि आवेदक किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2021 (इसके बाद इसे "किशोर न्याय अधिनियम" कहा गया है) की धारा 65 के अधीन _____ राज्य सरकार से किशोर न्याय अधिनियम और दत्तकग्रहण विनियमों के उपबंधों के अनुसार अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों के दत्तकग्रहण के माध्यम से पुनर्वास के लिए मान्यता-प्राप्त विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण है।
2. कि आवेदक को बालक ……………… लड़का या लड़की या अन्य; जन्म की तारीख: ......) की देखरेख और अभिरक्षा प्राप्त है और यह इस बालक को उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता को दत्तकग्रहण में देने का इच्छुक है।
3. कि सह-आवेदक, एक रजिस्ट्रीकृत बालक देखरेख संस्था है, जिसे बालक …………... (लड़का या लड़की या अन्य; जन्म की तारीख: ......) की देखरेख और अभिरक्षा प्राप्त है और यह संस्था इस बालक को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 66 के उपबंध के अनुसार आवेदक विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के माध्यम से उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता को दत्तकग्रहण में देने की इच्छुक है।

   [**टिप्पणी**: इस पैरा का उल्लेख तभी किया जाएगा जब दत्तकग्रहण आवेदन लिंकेज मामले में फाइल किया जा रहा हो।]
4. कि बालक अथवा बालकों..... (लड़का या लड़की या अन्य, जन्म की तारीख:......) को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 38 के उपबंधों के अनुसार बाल कल्याण समिति .... जिला द्वारा दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित किया गया है (आदेश की प्रति संलग्न है) तथा उक्त बालक को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 56 (1) में यथा-परिकल्पित दत्तकग्रहण के प्रयोजनार्थ अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या ...... द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया गया है।
5. कि उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता वर्तमान में .... (पूरा पता) में रह रहे भारत के निवासी हैं।
6. कि उन्हें उनकी संलग्न गृह अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर उन्हें किशोर न्याय अधिनियम की धारा 57 और दत्तकग्रहण विनियम के विनियम 5 में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार उपर्युक्त बालक अथवा बालकों का दत्तकग्रहण करने के लिए योग्य और उपयुक्त पाया गया है।
7. कि दत्तकग्रहण समिति द्वारा भी भावी दत्तक माता-पिता को उपर्युक्त नामित बालक/ बालकों को गोद लेने के लिए उपयुक्त पाया गया है। दत्तक ग्रहण समिति के निर्णय की एक सत्य प्रति भी संलग्न है।
8. कि उपर्युक्त बालक अथवा बालकों को उक्त भावी दत्तक माता-पिता द्वारा अभिहित पोर्टल के माध्यम से आरक्षित किया गया है और उक्त भावी दत्तक माता-पिता ने बाल अध्ययन रिपोर्ट तथा चिकित्सा जांच रिपोर्ट पर .... को हस्ताक्षर करके उक्त बालक अथवा बालकों को स्वीकार किया है।
9. किशोर न्याय अधिनियम की धारा 58 (3) और दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 12(1) के उपबंधों के अनुसार, दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देखरेख शपथपत्र (सत्य प्रति संलग्न) प्राप्त करने के बाद बालक अथवा बालकों को .... को उक्त भावी दत्तक माता-पिता के दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देखरेख में दिया गया है।
10. कि बाल संरक्षण समिति ने ……………. तारीख की अपनी बैठक में बालक अथवा बालकों को भावी दत्तक माता-पिता के दत्तकग्रहण में स्थानन करने का विनिश्चय किया है।
11. कि भावी दत्तक माता-पिता ने उक्त दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देखरेख शपथपत्र में यह वचन दिया है कि वे दत्तकग्रहण करने वाले परिवार में बालक की प्रगति और कल्याण की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से दत्तकग्रहण-पश्चात् अनुवर्तन के लिए विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा जिला बालक संरक्षण इकाई अथवा राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण के प्राधिकृत सामाजिक कार्यकर्ता अथवा कार्यकारी को अपने घर आने की अनुमति देंगे (किशोर न्याय अधिनियम की धारा 58(5) की परिकल्पना के अनुसार)।
12. कि भावी दत्तक माता-पिता ने यह वचन भी दिया है कि वे, अपने निवास स्थान में किसी भी बदलाव (इस आवेदन में सूचित निवास स्थान से भिन्न) की सूचना, दत्तकग्रहण-पश्चात अनुवर्तन के प्रयोजनार्थ, आवेदक(कों), संबंधित राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण तथा जिला बालक संरक्षण इकाई को देंगे।
13. कि भावी दत्तक माता-पिता ने यह वचन भी दिया है कि वे उक्त बालक अथवा बालकों को अपने बालकों की भांति पालेंगे तथा बालक अथवा बालकों को अपने नैसर्गिक बालक के समान परिस्थिति अथवा अधिकार अथवा

सुविधाएं प्रदान करेंगे, जैसा कि इस आवेदन के साथ संलग्न दत्तकग्रहण-पूर्व पोषण देखरेख शपथपत्र में कहा गया है।

14. कि इस दत्तकग्रहण मामले में किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61(1) में निर्धारित शर्तों का अनुपालन किया गया है।

15. कि बालक अथवा बालकों को दत्तकग्रहण में देने और लेने वालों का बालक अथवा बालकों के हित के प्रतिकूल कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित नहीं है।

16. कि जिला मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 2(23), 58(3) और 61 के उपबंधों के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार प्राप्त है।

17. कि आवेदक यह समझते हैं कि दत्तकग्रहण किया जाने वाला बालक जैविक बालक से जुड़े सभी अधिकारों, सुविधाओं और जिम्मेदारियों के साथ आवेदकों का विधिमान्य बालक बन जाएगा।

18. कि आवेदक/(कों) ने किसी अन्य जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में उक्त बालक के दत्तकग्रहण के लिए कोई अन्य आवेदन फाइल नहीं किया है।

19. अतः, आवेदक(कों) का निवेदन है:

(क) कि उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता को उक्त बालक दत्तकग्रहण में देने तथा उन्हें विधि द्वारा अनुज्ञेय सभी प्रयोजनों के लिए उक्त अवयस्क का माता-पिता घोषित करने की कृपा करें।

(ख) कि जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी (नाम व पता) को कृपया दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 40 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से पांच कार्यदिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का निदेश देने की कृपा करें।

स्थान और तारीख: आवेदक सं. 1

आवेदक सं. 2 (यदि लागू हो)

बालक का फोटो	भावी दत्तक माता-पिता का फोटो

सत्यापन

मैं अथवा हम, श्री/श्रीमती ...., आयु लगभग ___, आवेदक संख्या 1 के दत्तकग्रहण प्रभारी/सामाजिक कार्यकर्ता, शपथपूर्वक यह घोषणा तथा सत्यनिष्ठा से यह पुष्टि करता /करती हूँ अथवा करते हैं कि इस आवेदन में उल्लिखित तथ्य मेरी/हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं तथा इस आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी तथा दस्तावेज वास्तविक हैं।

आवेदक सं. 1 (नाम एवं हस्ताक्षर, मुहर सहित)

तारीख

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	दत्तकग्रहण विनियमों की अनुसूची 6 और 9 के उपबंधों के अनुसार संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज	संदर्भ	पृष्ठ सं.

आवेदन की संवीक्षा कर ली गई है और जिला मजिस्ट्रेट महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

जिला बालक संरक्षण अधिकारी
(नाम और हस्ताक्षर, मुहर सहित,
स्थान और तारीख)

अनुसूची 29

[धारा 59 और विनियम 18(2) देखें]

अनाथ अथवा परित्यक्त अथवा अभ्यर्पित बालक / बालकों के मामले में अंतरदेशीय दत्तकग्रहण के लिए मॉडल आवेदन

[विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण द्वारा फाइल किया जाए]

1. आवेदन संख्या ____ / वर्ष
2. भावी दत्तक माता-पिता की अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या:
3. जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:
4. दत्तकग्रहण विनियम के विनियम 18(2) के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 59(7) के अधीन ……………………………… नामक बालक (लड़का या लड़की या अन्य), ………… (जन्मतिथि) के दत्तकग्रहण के मामले में आवेदन।

आवेदक (आवेदकगण)

1. भावी दत्तक माता-पिता की ओर से संबंधित विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण का नाम और पता:
2. यदि दत्तकग्रहण आवेदन एक लिंकेज मामले में फाइल किया जा रहा है, तो संबंधित बालक देखरेख संस्था का नाम और पता:

भावी दत्तक माता-पिता

श्री …………………….. सुपुत्र ………………………….., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय………………. स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….:

श्रीमती ……………………… पत्नी ………………………., आयु लगभग …………….. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ……………….., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

आवेदक जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष सविनय निवेदन करता है, जो इस प्रकार है:-

1. कि आवेदक किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2021 (इसके बाद इसे "किशोर न्याय अधिनियम" कहा गया है) की धारा 65 के अधीन _____ राज्य सरकार से किशोर न्याय अधिनियम और दत्तकग्रहण विनियमों के उपबंधों के अनुसार अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बालकों के दत्तकग्रहण के माध्यम से पुनर्वास के लिए मान्यता-प्राप्त विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण है।
2. कि आवेदक को बालक ……………… (लड़का या लड़की या अन्य; जन्म की तारीख: ......) की देखरेख और अभिरक्षा प्राप्त है और यह इस बालक को उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता को दत्तकग्रहण में देने का इच्छुक है।
3. कि सह-आवेदक, एक रजिस्ट्रीकृत बालक देखरेख संस्था है, जिसे बालक …………... (लड़का या लड़की या अन्य; जन्म की तारीख: ......) की देखरेख और अभिरक्षा प्राप्त है और यह संस्था इस बालक को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 66 के उपबंध के अनुसार आवेदक विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण के माध्यम से उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता को दत्तकग्रहण में देने की इच्छुक है।

[**टिप्पण:** इस पैरा का उल्लेख तभी किया जाएगा जब दत्तकग्रहण आवेदन लिंकेज मामले में फाइल किया जा रहा हो।]

4. कि बालक अथवा बालकों..... (लड़का या लड़की या अन्य, जन्म की तारीख:......) को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 38 के उपबंधों के अनुसार बालक कल्याण समिति .... जिला द्वारा दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित किया गया है (आदेश की प्रति संलग्न है) तथा उक्त बालक को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 56 (1) में यथा-परिकल्पित दत्तकग्रहण के प्रयोजनार्थ अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या ...... द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया गया है।
5. कि उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता वर्तमान में .... (पूरा पता) में रह रहे भारत में निवास कर रहे विदेशी भावी दत्तक माता-पिता अथवा भारत के प्रवासी नागरिक कार्ड धारक या विदेशी नागरिक हैं।
6. कि भावी दत्तक माता-पिता को प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा केंद्रीय अभिकरण (नाम और पता) द्वारा तथा उनकी संलग्न गृह अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर और उनके निवास के देश के कानून के अनुसार, दत्तकग्रहण करने के लिए पात्र और उपयुक्त पाया गया है।
7. कि भावी दत्तक माता-पिता को अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या ………………….. के साथ रजिस्ट्रीकृत किया गया है और उन्हें किशोर न्याय अधिनियम की धारा 57 में उल्लिखित मानदंडों और दत्तक ग्रहन विनियम के विनियम 5 के अनुसार केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा योग्य पाया गया है।
8. कि उक्त नामित बालक अथवा बालकों को उक्त भावी दत्तक माता-पिता द्वारा अभिहित पोर्टल पर ऑनलाइन आरक्षित किया गया है और भावी दत्तक माता-पिता ने बाल अध्ययन रिपोर्ट तथा चिकित्सा जांच रिपोर्ट पर .... को हस्ताक्षर करके स्वीकार किया है।
9. कि भावी दत्तक माता-पिता ने प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण एजेंसी अथवा संबंधित केंद्रीय प्राधिकरण के माध्यम से यह वचन दिया है कि वे दत्तकग्रहण करने वाले परिवार में बालक की प्रगति और कल्याण की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से, किशोर न्याय अधिनियम की धारा 59(11) में यथापरिकल्पित, दत्तकग्रहण-पश्चात् अनुवर्तन के लिए प्राधिकृत विदेशी दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा केंद्रीय प्राधिकरण अथवा संबंधित सरकारी विभाग के प्राधिकृत सामाजिक कार्यकर्ता या कृत्यकारी को अपने घर आने की अनुमति देंगे।
10. कि भावी दत्तक माता-पिता ने यह वचन भी दिया है कि वे उक्त बालक अथवा बालकों को अपने बालकों की भांति पालेंगे तथा बालक अथवा बालकों को अपनी नैसर्गिक संतान के समान प्रास्थिति अथवा अधिकार अथवा सुविधाएं प्रदान करेंगे।
11. कि इस दत्तकग्रहण मामले में किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61(1) में निर्धारित शर्तों का अनुपालन किया गया है।
12. कि बालक अथवा बालकों को दत्तकग्रहण में देने और लेने वालों का बालक अथवा बालकों के हित के प्रतिकूल कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित नहीं है।

13. कि आवेदक जिला मजिस्ट्रेट के अधिकारिता के अधीन हैं, और इसलिए मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 2(23), 59(7) और 61 के उपबंधों के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश पारित करने की अधिकारिता प्राप्त है।

14. कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 17 में यथाउपबंधित प्रस्थावित दत्तकग्रहण के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर दिया है।

15. कि आवेदक/(कों) ने किसी अन्य जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में उक्त बालक के दत्तकग्रहण के लिए कोई अन्य आवेदन दायर नहीं किया है।

16. कि बालक अथवा बालकों को दत्तकग्रहण में देने और लेने वालों का बालक अथवा बालकों के हित के प्रतिकूल कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित नहीं है।

17. **अतः, आवेदक(कों) का निवेदन है कि**:

(क) उपर्युक्त भावी दत्तक माता-पिता को विधि द्वारा अनुज्ञेय सभी प्रयोजनों के लिए उक्त बालक अथवा बालकों का माता-पिता घोषित करने तथा उक्त बालक अथवा बालकों को उस देश ले जाने की अनुमति देने कृपा करें, जिस देश में उन माता-पिता का निवास स्थान है, ताकि वे उक्त बालक अथवा बालकों का पालन-पोषण अपने बालक की भांति कर सकें।

(ख) जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकरण (नाम व पता) को दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 19 (5) और विनियम 40 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से पांच कार्य दिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश देने की कृपा करें।

(ग) संबंधित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) को दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 42 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से दस कार्यदिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के पासपोर्ट जारी करने का निर्देश देने की कृपा करें।

स्थान और तारीख: आवेदक सं. 1

आवेदक सं. 2

बालक का फोटो	भावी दत्तक माता-पिता का फोटो

सत्यापन

मैं, श्री/श्रीमती ...., आयु लगभग ___, आवेदक संख्या 1 के दत्तकग्रहण प्रभारी/सामाजिक कार्यकर्ता, एतद्द्वारा शपथपूर्वक यह घोषणा तथा सत्यनिष्ठा से यह पृष्टि करता /करती हूँ कि इस आवेदन में उल्लिखित तथ्य मेरी/हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं तथा इस आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी तथा दस्तावेज वास्तविक हैं।

आवेदक सं. 1 (नाम एवं हस्ताक्षर, मुहर सहित)

तारीख

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	दत्तकग्रहण विनियमों की अनुसूची 6 और 9 के उपबंधों के अनुसार संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज	संदर्भ	पृष्ठ सं.

आवेदन की संवीक्षा कर ली गई है और जिला मजिस्ट्रेट महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

जिला बालक संरक्षण अधिकारी
(नाम और हस्ताक्षर, मुहर सहित,
स्थान और तारीख)

[**टिप्पण:** भारत में निवासरत विदेशी नागरिकों के मामले में, आवेदन प्रपत्र में उपयुक्त संशोधन किया जाए]

अनुसूची 30

[धारा 2(52), 56(2) और विनियम 54(8) देखें]

देश के भीतर रिश्तेदार द्वारा दत्तकग्रहण के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला मॉडल आवेदन

[भावी दत्तक माता-पिता द्वारा फाइल किया जाए]

1. आवेदन संख्या ____ / वर्ष
2. भावी दत्तक माता-पिता की अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या:
3. जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:
4. दत्तकग्रहण विनियम के विनियम 54 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(2) के अधीन ……………………………… नामक बालक (बालक या बालिका), ………… (जन्मतिथि) के दत्तकग्रहण के मामले में आवेदन

भावी दत्तक माता-पिता (आवेदक)

श्री …………………….. सुपुत्र…………………………., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय………………. स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

श्रीमती …………………….. पत्नी ………………………., आयु लगभग ……………. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ………………., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

नैसर्गिक अथवा जैविक माता-पिता

श्री …………………….. सुपुत्र…………………………., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय……………….. स्थायी निवास स्थान का पता ……………………………..:

श्रीमती …………………….. पत्नी ………………………, आयु लगभग …………….. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ………………., स्थायी निवास स्थान का पता ……………………………

आवेदक जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष सविनय निवेदन करते हैं, जो इस प्रकार है:-

1. आवेदक किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2021 (जिसे इसमे इसके पश्चात किशोर न्याय अधिनियम कहा गया है) की धारा 2 (52) के अधीन बालक ____ (बालक अथवा बालिका) के भावी दत्तक माता-पिता और उसके नैसर्गिक/जैविक माता-पिता के संबंधी हैं।
2. आवेदक बालक …………….. के चाचा / ताऊ या चाची/ ताई, या मामा या मामी, या दादा-दादी या नाना-नानी हैं।
3. ……………………….. बालक को नैसर्गिक माता-पिता ने _____ को जन्म दिया था और वे ……………… के निवासी हैं।
4. नैसर्गिक माता-पिता ___ कारण से बालक को दत्तकग्रहण में रखने में इच्छुक हैं।
5. भावी दत्तक माता-पिता ____ कारण से बालक का दत्तकग्रहण करने में इच्छुक हैं।
6. आवेदकों और नैसर्गिक माता-पिता ने प्रस्तावित दत्तकग्रहण के लिए सहमति दे दी है, जो कि इस आवेदन के साथ उपब्ध्द है। (यदि नैसर्गिक माता-पिता जीवित न हों तो दत्तकग्रहण विनियमों के उपबंधों के अनुसार बाल कल्याण समिति से दत्तकग्रहण की अनुमति से संबंधित दस्तावेज उपबध्द किए जाएंगे।)
7. जिस बालक के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव है, वह अवयस्क है (पांच वर्ष से कम आयु), जो कि अपने विचार व्यक्त करने में सक्षम नहीं हैं।

   या

   जिस बालक या बालिका के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव है, उस बालक ने उक्त दत्तकग्रहण के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और वह आवेदकों को माता-पिता के रूप में स्वीकारने को इच्छुक है।
8. नैसर्गिक माता-पिता से आवेदकों द्वारा बालक का दत्तकग्रहण उस बालक के सर्वोपरि कल्याण के लिए होगा और आवेदक बालक के साथ अपने बालक की भांति व्यवहार करेंगे सभी अधिकारो और दायित्वो सहित।
9. दत्तकग्रहण के लिए न तो आवेदकों ने कोई भुगतान या प्रतिफल दिया है या देने के लिए सहमति प्रदान की है और न ही नैसर्गिक माता-पिता या संरक्षकों ने कोई भुगतान या प्रतिफल प्राप्त किया है या प्राप्त करने के लिए सहमति प्रदान की है।
10. प्रस्तावित दत्तकग्रहण मामले में किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61(1) में अधिकाधिक शर्तों का अनुपालन किया गया है।
11. बालक अथवा बालकों को देने और लेने वालों का बालक अथवा बालकों के हित के प्रतिकूल कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित नहीं है।
12. बालक सामान्यतः जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में निवास करता है और इसलिए जिला मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61 के उपबंधों के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार प्राप्त है।

13. आवेदक(कों) ने उक्त बालक के दत्तकग्रहण के लिए जिला मजिस्ट्रेट के किसी अन्य कार्यालय में कोई अन्य आवेदन फाइल नहीं किया है।

14. आवेदक यह समझते हैं कि दत्तकग्रहण किया जाने वाला बालक जैविक बालक से जुड़े सभी अधिकारों, सुविधाओं और जिम्मेदारियों के साथ आवेदकों का विधिमान्य बालक बन जाएगा।

15. अतः, आवेदक(कों) का निवेदन है कि:

क) आवेदको को उक्त बालक दत्तकग्रहण में देने तथा उन्हें विधि द्वारा अनुज्ञेय सभी प्रयोजनों के लिए उक्त अवयस्क का माता-पिता घोषित करने की कृपा करें।

ख) जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकरण (नाम व पता) को विनियमों के विनियम 19(5) और विनियम 40 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से पांच दिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश देने की कृपा करें।

सत्यापन

मैं या हम, श्री/श्रीमती ...., शपथपूर्वक यह कथन तथा सत्यनिष्ठा से यह प्रतिज्ञान करता हूँ /करती हूँ/ करते हैं कि इस आवेदन की अंतर्वस्तु मेरी या हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं तथा इस आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी तथा दस्तावेज वास्तविक हैं।

भावी माता-पिता

नाम **हस्ताक्षर**

जैविक माता-पिता का फोटो	बालक का फोटो	भावी माता-पिता का फोटो

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	दत्तकग्रहण विनियमों की अनुसूची 6 और 9 के में यथाउपबिंधित उपाबद्ध किए जाने वाले दस्तावेज	संदर्भ	पृष्ठ सं.

आवेदन की संवीक्षा कर ली गई है और जिला मजिस्ट्रेट महोदय को अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

जिला बालक संरक्षण अधिकारी
(नाम और हस्ताक्षर, मुहर सहित,
स्थान और तारीख)

अनुसूची 31

[धारा 2(52), 60 और विनियम 59(4) देखें]

रिश्तेदार द्वारा अंतरदेशीय दत्तकग्रहण के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला मॉडल आवेदन

[भावी दत्तक माता-पिता द्वारा फाइल किया जाए]

1. आवेदन संख्या ____ / वर्ष
2. भावी दत्तक माता-पिता की अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या:
3. जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:
4. दत्तकग्रहण विनियम के विनियम 56, 57, 58 और 59 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 60 के अधीन ……………………………… नामक बालक (बालक या बालिका), ………… (जन्मतिथि) के दत्तकग्रहण के मामले में आवेदन

भावी दत्तक माता-पिता (आवेदक)

श्री …………………….. सुपुत्र ………………………….., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय……………….. स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….:

श्रीमती …………………….. पत्नी ……………………….., आयु लगभग ……………. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ……………….., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

नैसर्गिक अथवा जैविक माता-पिता

श्री …………………….. सुपुत्र ………………………….., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय……………….. स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….:

श्रीमती …………………….. पत्नी ……………………….., आयु लगभग ……………. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ……………….., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

आवेदक जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष सविनय निवेदन करते हैं, जो नियमानुसार है:-

1. आवेदक किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2021 (जिसे इसमेन इसके पश्चात किशोर न्याय अधिनियम कहा गया है) की धारा 2 (52) के अधीन बालक ____ (बालक या बालिका) के भावी दत्तक माता-पिता और उसके नैसर्गिक/जैविक माता-पिता के संबंधी हैं।
2. आवेदक बालक के चाचा/ ताऊ या चाची/ ताई, या मामा या मामी, या दादा-दादी या नाना-नानी हैं।
3. आवेदक ………………… के निवासी हैं।
4. ……………………….. बालक को नैसर्गिक माता-पिता ने _____ को जन्म दिया था और वे ………………. के निवासी हैं।
5. नैसर्गिक माता-पिता ___ कारण से बालक को दत्तकग्रहण में रखने के इच्छुक हैं।
6. भावी दत्तक माता-पिता ____ कारण से बालक का दत्तकग्रहण करने के इच्छुक हैं।

7. आवेदकों और नैसर्गिक माता-पिता ने प्रस्तावित दत्तकग्रहण के लिए सहमति दे दी है, जो कि इस आवेदन के साथ उपाबद्ध है। (यदि नैसर्गिक माता-पिता जीवित न हों तो दत्तकग्रहण विनियमों के उपबंधों के अनुसार बाल कल्याण समिति से दत्तकग्रहण की अनुज्ञा से संबंधित दस्तावेज उपाबद्ध किए जाएंगे।)

8. जिस बालक के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव है, वह अवयस्क है (पांच वर्ष से कम आयु), जो कि अपने विचार व्यक्त करने में सक्षम नहीं है।

या

जिस बालक के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव है, उस बालक ने उक्त दत्तकग्रहण के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और वह आवेदकों को माता-पिता के रूप में स्वीकारने को इच्छुक है।

9. नैसर्गिक माता-पिता से आवेदकों द्वारा बालक का दत्तकग्रहण उस बालक के सर्वोपरि कल्याण के लिए होगा और आवेदक बालक के साथ अपने बालक की भांति व्यवहार करेंगे सभी अधिकारो और दायित्वो सहित ।

10. दत्तकग्रहण के लिए न तो आवेदकों ने कोई संदाय या प्रतिफल दिया है या देने के लिए सहमति प्रदान की है और न ही नैसर्गिक माता-पिता या संरक्षकों ने कोई संदाय या प्रतिफल प्राप्त किया है या प्राप्त करने के लिए सहमति प्रदान की है।

11. प्रस्तावित दत्तकग्रहण मामले में किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61(1) में निर्धारित शर्तों का अनुपालन किया गया है।

12. बालक अथवा बालकों को में देने और लेने वालों का बालक अथवा बालकों के हित के प्रतिकूल कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित नहीं है।

13. बालक सामान्यतः जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में निवास करता है और इसलिए मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61 के उपबंधों के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार प्राप्त है।

14. आवेदक(कों) ने उक्त बालक के दत्तकग्रहण के लिए किसी देश के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के किसी अन्य कार्यालय में कोई अन्य आवेदन फाइल नहीं किया है।

15. प्राप्तकर्ता देश से अनुज्ञा (हेग दत्तकग्रहण अभिसमय का अनुच्छेद 5 अथवा 17) पहले ही आवेदन के साथ संलग्न कर दी गई है।

16. केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण ने पहले ही .... को पूर्व-अनुमोदन पत्र (प्रति संलग्न) जारी कर दिया है।

17. आवेदक यह समझते हैं कि दत्तकग्रहण किया जाने वाला बालक जैविक बालक से जुड़े सभी अधिकारों, सुविधाओं और जिम्मेदारियों के साथ आवेदकों का विधिमान्य बालक बन जाएगा।

18. अतः, आवेदक(कों) का निवेदन है कि:

क) आवेदकों को उक्त बालक दत्तकग्रहण में देने और आवेदकों को विधि द्वारा अनुमेय सभी प्रयोजनों के लिए उक्त अवयस्क का माता-पिता घोषित करने की कृपा करें।

ख) जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकरण (नाम व पता) को कृपया विनियमों के विनियम 40 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से पांच कार्यदिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का निदेश देने की कृपा करें।

ग) संबंधित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) को दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 19(4) और 42 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से दस दिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के पासपोर्ट जारी करने का निदेश देने की कृपा करें।

सत्यापन

मैं या हम, श्री/श्रीमती ...., शपथपूर्वक यह कथन तथा सत्यनिष्ठा से यह प्रतिज्ञान करता हूँ /करती हूँ/ करते हैं कि इस आवेदन की अंतर्वस्तु मेरी या हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं तथा इस आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी तथा दस्तावेज वास्तविक हैं।

भावी माता-पिता

नाम **हस्ताक्षर**

जैविक माता-पिता का फोटो	बालक का फोटो	भावी माता-पिता का फोटो

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	दत्तकग्रहण विनियमों की अनुसूची 6 और 9 में यथाउपबंधित उपाबद्ध किए जाने वाले दस्तावेज	संदर्भ	पृष्ठ सं.

आवेदन की संवीक्षा कर ली गई है और जिला मजिस्ट्रेट को अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

जिला बालक संरक्षण अधिकारी
(नाम और हस्ताक्षर, मुहर सहित,
स्थान और तारीख)

अनुसूची 32

[धारा 39(1), 56(1) और विनियम 55(7) और 59(5) देखें]

सौतेले और जैविक माता व पिता द्वारा बालक/ बालकों के दत्तकग्रहण के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला मॉडल आवेदन

[जैविक और सौतेले माता अथवाव पिता द्वारा फाइल किया जाए]

1. आवेदन संख्या ____ / वर्ष
2. भावी दत्तक माता-पिता की अभिहित पोर्टल पर रजिस्ट्रीकरण संख्या:
3. जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:
4. दत्तकग्रहण विनियम के विनियम 55 और 59(5) के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(1), 39(1) और 57(5) के अधीन .... नामक बालक (बालक या बालिका या अन्य, जन्मतिथि ....) के दत्तकग्रहण के मामले में आवेदन

भावी दत्तक माता-पिता (आवेदकगण)

श्री …………………….. सुपुत्र ………………………….., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय………………. स्थायी निवास स्थान का पता ……………………………..:

श्रीमती ……………………… पत्नी ……………………….., आयु लगभग ……………. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ……………….., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

नैसर्गिक अथवा जैविक माता-पिता (आवेदकगण)

श्री …………………….. सुपुत्र ………………………….., आयु लगभग …………………. वर्ष, नागरिक ………………….., व्यवसाय………………. स्थायी निवास स्थान का पता ……………………………..:

श्रीमती ……………………… पत्नी ……………………….., आयु लगभग ……………. वर्ष, नागरिक ………………, व्यवसाय: ……………….., स्थायी निवास स्थान का पता …………………………….

[जो लागू न हो, उसे काट दें]

आवेदक, जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष सविनय निवेदन करते हैं, जो इस प्रकार है:-

1. आवेदक अनुसूची 20 में दिए गए ब्यौरे के अनुसार बालक अथवा बालकों के जैविक माता-पिता या सौतेले माता-पिता (जैविक माता-पिता के/की विधिक रूप से विवाहित पति/पत्नी) हैं।
2. आवेदक …………………के निवासी हैं।
3. ……………. बालक या बालकों, ____ (बालक या बालिका या अन्य) और जन्म की तारीख ……………………… को नैसर्गिक माता-पिता (जैविक माता-पिता) ………………………………….. और …………………… ने ………………. को जन्म दिया था और वे ……………. के निवासी हैं।
4. जैविक माता-पिता, बालक या बालकों का दत्तकग्रहण करने वाले पति/पत्नी (आवेदक) को, उससे विधिकरूप से विवाह कर लेने के कारण और वह बालक (बालकों) का दत्तकग्रहण करना चाहता/चाहती है, विधिक संबंध को साझा करने के इच्छुक हैं।
5. दूसरे जैविक माता/पिता की सहमति प्राप्त कर ली गई है या दूसरे जैविक माता/पिता की मृत्यु हो गई है। (जो लागू न हो उसे काट दें)
6. जैविक माता-पिता और बालक या बालकों का दत्तकग्रहण करने वाले सौतेले माता-पिता यह समझते हैं कि बालक या बालकों के दत्तकग्रहण से उनके साथ माता-पिता-बालक का स्थायी संबंध स्थापित हो जाएगा।
7. दत्तकग्रहण विनियम की अनुसूची 20 में दत्तकग्रहण के लिए यथा अपेक्षित सहमति (सहमतियां) इस आवेदन के साथ उपाबद्ध है(हैं)।
8. जिस (जिन) बालक (बालकों) के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव है, वह अवयस्क है (पांच वर्ष से कम आयु), जो कि अपने विचार व्यक्त करने में सक्षम नहीं है।

   या

   जिस (जिन) बालक (बालकों) के दत्तकग्रहण का प्रस्ताव है, उस (उन) बालक (बालकों) ने उक्त दत्तकग्रहण के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और वह (वे) आवेदकों को माता-पिता के रूप में स्वीकारने को इच्छुक है (हैं)।
9. प्रस्तावित दत्तकग्रहण के लिए किशोर न्याय अधिनियम (2016 का 2) की धारा 61(1) में अधिकथित शर्तों का अनुपालन कर लिया गया है।

10. देश के भीतर या विदेश में किसी भी न्यायालय में उक्त बालक या बालकों की अभिरक्षा के लिए कोई मुकदमा नहीं है।

11. आवेदक(कों) ने उक्त बालक के दत्तकग्रहण के लिए किसी देश के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के किसी अन्य कार्यालय में कोई अन्य आवेदन फाइल नहीं किया है।

12. आवेदक यह समझते हैं कि दत्तकग्रहण किया जाने वाला बालक जैविक बालक से जुड़े सभी अधिकारों, सुविधाओं और जिम्मेदारियों के साथ आवेदकों का विधिमान्य बालक बन जाएगा।

13. बालक सामान्यतः जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में निवास करता है और इसलिए मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय अधिनियम की धारा 61 के उपबंधों के अनुसार दत्तकग्रहण आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार प्राप्त है।

14. **अतः, आवेदक(कों) का निवेदन है कि:**

क) उक्त बालक अथवा बालकों के पिता अथवा माता का विधिक संबंध, बालक अथवा बालकों का दत्तकग्रहण करने वाले सौतेले माता- पिता के साथ-साथ जैविक माता अथवा पिता (आवेदक) को हस्तांतरित कर दिया जाए - उन्हें विधि द्वारा अनुज्ञेय सभी प्रयोजनों के लिए उक्त अवयस्क का माता-पिता घोषित करने की कृपा करें।

ख) जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकरण (नाम व पता) को कृपया दत्तकग्रहण विनियमों के विनियम 40 के उपबंधों के अनुसार आवेदन की तारीख से पांच दिवसों में उक्त बालक अथवा बालकों का/के जन्म प्रमाणपत्र जारी करने या संशोधित करने का निदेश देने की कृपा करें।

आवेदक

स्थान:

तारीख:

जैविक माता या पिता अथवा दोनों, जैसा भी मामला हो, का फोटो	बालक का फोटो	दत्तक माता या पिता अथवा दोनों, जैसा भी मामला हो, का फोटो

सत्यापन

मैं या हम, श्री या श्रीमती ...., शपथपूर्वक यह कथन तथा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता /करती हूँ अथवा करते हैं कि इस आवेदन में उल्लिखित तथ्य मेरी या हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं तथा इस आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी तथा दस्तावेज वास्तविक हैं।

भावी दत्तक माता पिता (जैविक माता-पिता और सौतेले माता-पिता)	
नाम	**हस्ताक्षर**

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	दत्तकग्रहण विनियम की अनुसूची 6 और 9 के उपबंधों के अनुसार उपाबद्ध किए जाने वाले दस्तावेज	संदर्भ	पृष्ठ सं.

आवेदन की संवीक्षा कर ली गई है और जिला मजिस्ट्रेट के परिशीलन के लिए प्रस्तुत है।

जिला बालक संरक्षण अधिकारी
(नाम और हस्ताक्षर, मुहर सहित,
स्थान और तारीख)

*****

अनुसूची 33

[विनियम 36(2) देखें]

दत्तकग्रहण आदेश का प्रारूप

जिला मजिस्ट्रेट का कार्यालय

ज़िला: राज्य:

_______ जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष।

दत्तकग्रहण आवेदन सं .... वर्ष………..

अभिहित पोर्टल पर भावी दत्तक माता-पिता का पंजीकरण संख्या:

दत्तकग्रहण आदेश का प्रकार (कृपया √ का चिह्न लगाएं)

1.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 10, 11, 12 और 13 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(1), 58 और 61 के अधीन अनाथ या परित्यक्त या अभ्यर्पित बालक या बालकों का देश के भीतर दत्तकग्रहण	☐
2.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 15, 16, 17 और 18 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(4), 59 और 61 के अधीन अनाथ या परित्यक्त या अभ्यर्पित बालक या बालकों का अंतर-देशीय दत्तकग्रहण	☐
3.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 54 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2(52), 56(2) और 61 के अधीन नातेदार का देश के भीतर दत्तकग्रहण	☐
4.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 56, 57, 58 और 59 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2(52), 60 और 61 के अधीन नातेदार (परिवारिक अथवा सौतेले) अंतर-देशीय दत्तकग्रहण	☐

5.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 55 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 39(1), 56(1) और 57(5) और 61 के अधीन सौतेले बालक का देश के भीतर दत्तकग्रहण	☐

भाग 1

क) आवेदक/आवेदकों का नाम और पता [भावी दत्तक माता-पिता]:

ख) अंतर-देशीय दत्तकग्रहण के मामले में नियुक्त मुख्तारनामा धारक (यदि लागू हो तो):

ग) मान्यताप्राप्त विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का नाम और पता (नातेदार या सौतेले बालक के दत्तकग्रहण के मामले में लागू नहीं):

घ) बालक देखरेख संस्था का नाम और पता, यदि यह मान्यताप्राप्त विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण से संबद्ध है (जहां कहीं भी लागू हो):

ङ) नातेदार या सौतेले बालक के दत्तकग्रहण के मामले में जैविक माता-पिता का नाम, (यदि लागू हो):

च) जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:

छ) राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण:

ज) अंतर-देशीय दत्तकग्रहण के मामले में, प्राधिकृत दत्तकग्रहण विदेशी अभिकरण या केंद्रीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग अथवा भारतीय मिशन का नाम और पता:

भाग 2

क) यह कि विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण .... द्वारा जिला बालक संरक्षण ईकाई............. के माध्यम से .... को दत्तकग्रहण का आवेदन फाइल किया गया है और दत्तकग्रहण विनियम की अनुसूची 6 के साथ पठित अनुसूची 9 में यथा उपबंधित जाँच सूची में नियत दस्तावेजों को विधिवत सत्यापित कर लिया गया है। [नातेदार या सौतेले बालक के दत्तकग्रहण के मामले में, आवेदन सीधे जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा प्रस्तुत किया जाए]

ख) यह कि आवेदकगण ने बालक को एक नया नाम देने के लिए एक शपथपत्र दायर किया है और सुझाया गया नाम ------------- है तथा तदनुसार बालक को .... नाम के बजाय .... से जाना जाएगा। (यदि लागू हो)

ग) यह कि दत्तकग्रहण की प्रक्रिया अब सभी प्रकार से पूर्ण हो गई है और तदनुसार मैं, ... भावी दत्तक माता-पिता, जिनका रजिस्ट्रीकरण संख्या .... है, के साथ बालक .... (लड़का या लड़की या अन्य), जन्म तिथि .... (बाल कल्याण समिति द्वारा दत्तकग्रहण के लिए विधिक रुप से स्वतंत्र होना प्रमाणित किया गया) के दत्तक ग्रहण की अनुमति देता हूँ:

(i) भावी दत्तक माता-पिता अर्थात् --------------------- दत्तकग्रहण के लिए पात्र और उपयुक्त पाए गए हैं [देश के भीतर दत्तकग्रहण के मामले में दत्तकग्रहण समिति के कार्यवृत्त या अनिवासी भारतीय अथवा विदेशी भारतीय नागरिक कार्ड धारक अथवा विदेशी भावी दत्तक माता-पिता द्वारा दत्तकग्रहण के मामले में केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी निराक्षेप प्रमाणपत्र के आधार पर] ;

(ii) बालक की इच्छा पर सम्यक रूप से विचार किया गया है। (पांच वर्ष से अधिक आयु के बालक के मामले में);

(iii) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2021 और दत्तक ग्रहण विनियम 2022 में यथाउपबंधित सम्यक प्रक्रियाओं का पालन किया गया है।

(iv) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2021 की धारा 63 के अनुसार, ... नाम के बालक, जन्मतिथि .... जिसके संबंध में आज दिनांक .... को एक दत्तकग्रहण आदेश जारी किया गया है, दत्तकग्रहण आदेश के प्रभावी होने की तारीख से निर्वसीयतता सहित सभी प्रयोजनों के लिए इस प्रकार दत्तक माता-पिता……………………., की संतान बन जाएगा और दत्तक माता-पिता बालक के माता-पिता बन जाएंगे जैसे कि बालक का जन्म दत्तक माता-पिता से हुआ हो और इसी तारीख से बालक के जन्म लेने वाले परिवार के साथ बालक के सभी संबंध समाप्त माने जाएंगे और दत्तकग्रहण आदेश द्वारा दत्तकग्रहण परिवार में सृजित संबंधों द्वारा प्रतिस्थापित हो जाएंगे।

(v) जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 (1869 का 18) के तहत अधिसूचित स्थानीय रजिस्ट्रार को, भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों के अनुसार, माता-पिता के रूप में दत्तकग्रहण आदेश में उल्लिखित दत्तक माता-पिता का नाम और बालक की जन्म तिथि को समाविष्ट करते हुए विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी या दत्तक माता-पिता द्वारा फाइल आवेदन पर दत्तक बालक के पक्ष में पांच दिन के भीतर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निदेश दिया जाता है।

(vi) यदि बालक अनाथ, परित्यक्त या अभ्यर्पित बालक है, तो विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा अभिहित पोर्टल पर बालक की प्रास्थिति अद्यतन की जाए, जबकि अन्य सभी मामलों में आदेश को संबंधित जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा अपलोड किया जाएगा।

हस्ताक्षर

जिला मजिस्ट्रेट का नाम

तारीख:

कार्यालय का पता और मुहर

प्रति प्रेषित – सभी संबंधित व्यक्ति

[रिश्तेदार द्वारा दत्तकग्रहण या सौतेले माता-पिता द्वारा दत्तकग्रहण के मामले में, आवेदन केवल जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा फाइल किया जाएगा और दत्तकग्रहण आदेश को तद्नुसार संशोधित किया जा सकेगा।]

अनुसूची 34

[विनियम 36(10) देखें]

दत्तकग्रहण विघटन आदेश का प्रारूप

जिला मजिस्ट्रेट का कार्यालय

ज़िला: राज्य:

______ जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष।

दत्तकग्रहण आवेदन पत्र सं ....वर्ष

अभिहित पोर्टल पर भावी दत्तक माता-पिता का पंजीकरण संख्या:

दत्तकग्रहण आदेश का प्रकार (कृपया √ का चिह्न लगाएं)

1.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 10, 11, 12 और 13 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(1), 58 और 61 के अधीन अनाथ या परित्यक्त या अभ्यर्पित बालक या बालकों का देश के भीतर दत्तकग्रहण	☐
2.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 15, 16, 17 और 18 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(4), 59 और 61 के अधीन अनाथ या परित्यक्त या अभ्यर्पित बालक या बालकों का अंतर-देशीय दत्तकग्रहण	☐
3.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 54 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2(52), 56(2) और 61 के अधीन नातेदार का देश के भीतर दत्तकग्रहण	☐

4.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 56, 57, 58 और 59 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 2(52), 60 और 61 के अधीन नातेदार (परिवारिक अथवा सौतेले) द्वारा अंतर-देशीय दत्तकग्रहण	☐
5.	दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के विनियम 55 के साथ पठित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा 56(1), 39(1) और 57(5) और 61 के अधीन सौतेले बालक का देश के भीतर दत्तकग्रहण	☐

भाग 1

क) आवेदक/आवेदकों का नाम और पता [भावी दत्तक माता-पिता]:

ख) अंतर-देशीय दत्तकग्रहण के मामले में नियुक्त मुख्तारनामा धारक (यदि लागू हो तो):

ग) मान्यताप्राप्त विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण का नाम और पता (नातेदार या सौतेले बालक के दत्तकग्रहण के मामले में लागू नहीं):

घ) बालक देखरेख संस्था का नाम और पता, यदि यह विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण से संबद्ध है (जहां कहीं भी लागू):

ङ) नातेदार या सौतेले बालक के दत्तकग्रहण के मामले में जैविक माता-पिता का नाम और पता (यदि लागू हो):

च) जिला बालक संरक्षण इकाई का नाम और पता:

छ) राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण:

ज) अंतर-देशीय दत्तकग्रहण के मामले में, प्राधिकृत दत्तकग्रहण विदेशी अभिकरण या केंद्रीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग अथवा भारतीय मिशन का नाम और पता:

भाग 2

क) दत्तक माता-पिता .... ने .... तारीख के दत्तकग्रहण आदेश के तहत ....(विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण या बालक के अनाथ, परित्यकत और अभ्यर्पित बालक होने के मामले में बालक देखरेख संस्था का नाम) के माध्यम से बालक .... (नाम), ... (लड़का या लड़की या अन्य), ... (जन्म तिथि) का दत्तकग्रहण किया था और .... को एक दत्तकग्रहण समापन आवेदन फाइल किया है।

ख) दत्तक माता-पिता को ---- और ------ को परामर्श दिया गया है और वे अपने दत्तकग्रहण-विघटन आवेदन के संदर्भ में मेरे समक्ष पेश हुए।

ग) विघटन के कारण यह तथ्य हैं कि ....
....
....
....

घ) मैं, ... तारीख को जारी किए गए दत्तकग्रहण आदेश को समाप्त करता हूँ क्योंकि दत्तक संबंध अब बालक के सर्वोत्तम हित में नहीं है और दत्तक माता-पिता और बालक भली-भांति सामंजस्य स्थापित नहीं कर पा रहे हैं।

ङ) भावी दत्तक माता-पिता श्री -------- और श्रीमती -------- को निम्न कारणों से किसी अन्य बालक का दत्तकग्रहण करने की अनुशंसा नहीं की जाती है:..
....
....
....

च) यदि बालक अनाथ, परित्यक्त या अभ्यर्पित बालक है, तो आवश्यक परामर्श के बाद तीन दिन की अवधि के भीतर विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण अथवा जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा अभिहित पोर्टल पर बालक की प्रास्थिति अद्यतन की जाए। [अन्य सभी मामलों में आदेश को संबंधित जिला बालक संरक्षण इकाई द्वारा अपलोड किया जाएगा।]

हस्ताक्षर

जिला मजिस्ट्रेट का नाम

तारीख:

कार्यालय का पता और मुहर

संपर्क सं. -

प्रति प्रेषित – सभी संबंधित व्यक्ति

*****

अनुसूची 35

[विनियम 67(1), 67(2) और 69(4) देखें]

हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (1956 का 78) के अधीन संपन्न दत्तकग्रहण के मामले में सत्यापन प्रमाणपत्र

जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय

जिला: राज्य:

विषय: हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (1956 का 78) के अधीन………. नामक बालक, लिंग ………….. (पुरुष या स्त्री या अन्य), जन्मतिथि .... के अंतर-देशीय दत्तकग्रहणों के लिए विनियम के अधीन अपेक्षित सत्यापन प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) के अधीन रजिस्ट्रीकृत दत्तकग्रहण विलेख के अनुसार, ..., जो……………. अभ्यस्त निवासी हैं ने……….. नामक बालक को जैविक माता-पिता या संरक्षक……………………… निवासी …………….. से दत्तक लिया है।

2. पक्षकारों और साक्षियों की परीक्षा के पश्चात, मेरा निष्कर्ष निम्नानुसार हैं:

क) दत्तकग्रहण विलेख में अभिलिखित दत्तकग्रहण बालक के स्रोत, पात्रता और दत्तक माता-पिता की उपयुक्तता सहित हिंदू दत्तकग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम,1956 (1956 का 78) के उपबंधों के अनुसार ही किया गया है।

ख) बालक के दत्तकग्रहण के समय दत्तक बालक या जैविक माता-पिता पर कोई दबाव नहीं था।

ग) दत्तकग्रहण सभी संबंधित पक्षकारों की आपसी सहमति से संपन्न हुआ।

घ) दत्तकग्रहण की प्रक्रिया में कोई मौद्रिक प्रतिफल शामिल नहीं है और दत्तकग्रहण, बालक के सर्वोत्तम हित में है।

3. मैने दत्तक के समर्थन की सूचना को सत्यापित कर लिया है और दत्तकग्रहण के लिए आवश्यक कार्रवाही के लिए केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण को अनुशंसा करता हूं।

जिला मजिस्टेट का नाम

मुहर सहित कार्यालय का पता

संपर्क सं.

निदेशक (कार्यक्रम)

केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण

वेस्ट ब्लॉक-8, आरके पुरम, नई दिल्ली- 110066

सूचनार्थ प्रेषित:

1. जन्म और मृत्यु के जिला रजिस्ट्रार
2. राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण
3. जिला बालक संरक्षण इकाई

अनुसूची 36

[विनियम 68(5) तथा 69(4) देखें]

हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (1956 का 78) के अधीन परिवार की पृष्ठभूमि रिपोर्ट

हिंदू दत्तकग्रहण और भरण-पोषण अधिनियम,1956 के अधीन किए गए दत्तकग्रहण के सत्यापन के लिए जिला मजिस्टेट के लिए जांच सूची (कृपया नीचे दिए गए बॉक्स पर √ चिह्न लगाएं)

1. **जैविक माता-पिता हिंदू हैं (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 2 के अनुसार):** ☐
2. **दत्तक माता-पिता हिंदू हैं (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 2 के अनुसार):** ☐
3. **दत्तक पुरुष हिंदू की पात्रता (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 8 के अनुसार):** ☐

क) स्वस्थचित्त है।

ख) अवयस्क नहीं है।

ग) किसी पुत्र या पुत्री का दत्तकग्रहण करने के लिए सक्षम है।

घ) अपनी पत्नी की सहमति ले चुका है (जब तक पत्नी ने पूर्णतया और अंतिम रूप से संसार का परित्याग न किया हो या वह अब हिंदू नहीं रही हो या सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा उसे विकृतचित घोषित किया गया हों)।

4. दत्तक स्त्री हिंदू की पात्रता (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 8 के अनुसार):

क) स्वस्थचित्त है।

ख) अवयस्क नहीं है।

ग) किसी पुत्र या पुत्री का दत्तकग्रहण करने के लिए सक्षम है।

घ) अविवाहित है या यदि विवाहित है, उसका विवाह-विच्छेद हो गया है या उसके पति की मृत्यु हो गई है या पति पूर्ण और अंतिम रूप से संसार का त्याग कर चुका हो या सक्षम क्षेत्राधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा विकृत चित्त घोषित कर दिया गया हो, किसी पुत्र या पुत्री का दत्तकग्रहण करने के लिए सक्षम हो।

5. हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम के अधीन दत्तकग्रहण में देने में सक्षम (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 9 के अनुसार):

क) **पिता**, माता की सहमति से, जब तक कि माता पूर्ण और अंतिम रूप से संसार का त्याग न कर चुकी हो या हिंदू न रह गई हो या सक्षम क्षेत्राधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा विकृत चित्त घोषित न कर दिया गया हो।

ख) **माता** यदि पिता की मृत्यु हो गई हो या पूर्ण और अंतिम रूप से संसार का त्याग कर चुका हो या हिंदू न रह गया हो या सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय द्वारा विकृत चित्त का घोषित कर दिया गया हो।

ग) बालक के संरक्षक को बालक को दत्तक देने का अधिकार होगा।

6. दत्तकग्रहण के लिए बालक की पात्रता (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 10 के अनुसार):

क) वह एक हिंदू है;

ख) वह पहले से ही दत्तक नहीं लिया जा चुका है या ली जा चुकी है;

ग) उसका विवाह नहीं हुआ है, तब के सिवाय जब कि पक्षकारों को लागू होने वाली ऐसी रूढ़ि या प्रथा हो जो विवाहित व्यक्तियों का दत्तक लिया जाना अनुज्ञात करती हो;

घ) उसने पंद्रह वर्ष की आयु पूरी नहीं की है, तब के सिवाय जब कि पक्षकारों को लागू होने वाली ऐसी रूढ़ि या प्रथा हो जो ऐसे व्यक्तियों का, जिन्होंने पंद्रह वर्ष की आयु पूरी कर ली है, दत्तक लिया जाना अनुज्ञात करती हो।

7. विधिमान्य दत्तकग्रहण की अन्य शर्तें (हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 11 के अनुसार):

क) यदि पुत्र का दत्तक है, तो दत्तकग्रहण करने वाले पिता या माता, जिनके द्वारा दत्तकग्रहण किया जाए, का कोई हिंदू पुत्र, पुत्र का पुत्र या पुत्र के पुत्र का पुत्र नहीं होना चाहिए (चाहे धर्मज-रक्त नातेदारी से हो या दत्तक से) दत्तकग्रहण के समय न हो।

ख) यदि पुत्री का दत्तक है तो दत्तकग्रहण करने वाले पिता या माता, जिसके द्वारा दत्तक ग्रहण किया जाए, की कोई हिंदू पुत्री या पुत्र की पुत्री (चाहे धर्मज-रक्त नातेदारी से हो या दत्तक से) न हो।

ग) यदि दत्तकग्रहण किसी पुरूष द्वारा किया जाना है और दत्तक में लिया जाने वाला व्यक्ति स्त्री है, तो दत्तक पिता दत्तक लिए जाने वाले व्यक्ति से आयु में कम से कम इक्कीस वर्ष बड़ा हो।

घ) यदि दत्तकग्रहण किसी स्त्री द्वारा किया जाना है और दत्तक में लिया जाने वाला व्यक्ति पुरुष है, तो दत्तक माता दत्तक लिए जाने वाले व्यक्ति से कम से कम इक्कीस वर्ष बड़ी हो।

ङ) वही बालक किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दत्तक नहीं लिया गया हो।

च) दत्तक किये जाने वाले बालक को वास्तव में संबंधित माता पिता या संरक्षक द्वारा उनके प्राधिकार के अधीन, बालक को उसके जन्म के परिवार से अंतरण करने के आशय के साथ, दत्तक लिया और दिया गया हो।

हस्ताक्षर

तारीख

जिला मजिस्टेट का नाम

मुहर सहित कार्यालय का पता

संपर्क नं.

[फा. सं. सीडब्ल्यू-II-26/37/2021- सीडब्ल्यू-II]

तृप्ति गुरहा, संयुक्त सचिव